




दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 83/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 21 अक्टूबर 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in






केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार, 21 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में सशस्त्र चीनी टुकड़ी द्वारा घात लगाकर किए हमले में पुलिस के 10 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन शहीदों एवं ड्यूटी के दैरान मारे गए अन्य सभी पुलिसकर्मियों की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा और एकता बनाए रखने में पुलिस की उत्कृष्ट भूमिका का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस, 2018 के अवसर पर चाणक्यपुरी, नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक देश को समर्पित किया। – फोटो: इंदु सुनील डंग



## पुलिस स्मृति दिवस शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि


### असामाजिक तत्वों का दमन करें, आमजन को सुरक्षा दें: राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शहीदों के परिजनों को भरोसा दिलाया कि मैं, प्रदेश की जनता, पुलिस प्रशासन और सम्पूर्ण समाज आपके साथ है। समाज में शांति सद्भाव और भाईचारे के वातावरण को मजबूत रखने से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस असामाजिक तत्व एवं राष्ट्रद्रोही ताकतों का पूरी कठोरता के साथ दमन करें। यह भी सुनिश्चित करें कि आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें। कभी किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं हो। उन्होंने देश और प्रदेश के सभी शहीद पुलिस अधिकारियों और जवानों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना भी मौजूद थे।



राज्यपाल श्री पटेल ने पुलिस बल का आव्हान किया कि अपने अमर शहीद साथियों की शहादत से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों का पालन करें। पुलिस समाज का अभिन्न अंग है। उसकी सक्रिय भागीदारी के साथ ही विकास की सोच फलीभूत हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश पुलिस की उपलब्धियाँ सराहनीय है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। इन प्रयासों को और बेहतरी के साथ जारी रखना होगा। अपराधों की त्वरित विवेचना और अपराधियों को सजा दिलाने में वृद्धि प्रदेश पुलिस की सक्रियता से ही संभव हुई है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश पुलिस की गणना देश के श्रेष्ठ बलों में की जाती है, जो पहचान पुलिस के जांबाज जवानों ने स्थापित की है। उसे और अधिक निखारने की दिशा में सदैव तत्पर रहें। शहीद कर्मियों में कार्यवाहक निरीक्षक स्व. राजाराम वास्कले, उप निरीक्षक स्व. भूपेन्द्र सिंह गुर्जर, सहायक उप निरीक्षक स्व. कन्हैयालाल भालसे, सहायक उप निरीक्षक स्व. जसवंत कुमार तेकाम, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक स्व. रामजस शर्मा, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक स्व. कन्हैयालाल वास्कले, प्रधान आरक्षक स्व.छोटेलाल बघेल, प्रधान आरक्षक स्व.चंपालाल सिलाले, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक स्व.भानु प्रताप भदौरिया, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक स्व.राधेश्याम सिरसाठे, आरक्षक स्व.सुरेन्द्र सिंह गौंड, आरक्षक स्व.उपेन्द्र सिंह दांगी, आरक्षक (ट्रेड) स्व.पंकज मिश्रा, आरक्षक स्व.रामप्रसाद, आरक्षक स्व.जगदीश हाडा, आरक्षक स्व.गजानन अटवाड़े, आरक्षक स्व.खुमान भिलाला एवं आरक्षक स्व.रविकान्त सविता शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस बैंड द्वारा निकाली जा रही देशभक्ति के गीतों की मधुर धुन के बीच शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## गगनयान के क्रू एस्केप मॉड्यूल का परीक्षण सफल



**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज श्रीहरिकोटा परीक्षण रेंज से गगनयान मिशन के व्हीकल टेस्ट फ्लाइट (टीवी-डी1) का पहला परीक्षण करने जा रहा है। गगनयान मिशन के लिए टेस्ट उड़ान टीवी-डी1 को सुबह आठ बजे लॉन्च किया जाना था, लेकिन अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए, इसका लॉन्च टाइम 30 मिनट आगे बढ़ा दिया गया। हालांकि, खराब मौसम की वजह से इसरो ने मिशन को 10 बजे लॉन्च किया। अंतरिक्ष में भेजने के बाद इसे सफलतापूर्वक बंगाल की खाड़ी में उतार लिया गया।

इसरो ने बताया कि फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा।

## पाकिस्तान को गुपचुप बैलिस्टिक मिसाइल के उपकरण पहुंचा रहा चीन, अमेरिका ने पकड़ा

**न्यूयार्क।** अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर बड़ी कार्रवाई की है। उसने पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के उपकरण मुहैया कराने के लिए ड्रैगन की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को बताया कि प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण शासन के



तहत लगाए गए हैं। विदेश विभाग की ओर से कहा गया कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) में स्थित इन तीन कंपनियों ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए मिसाइल से संबंधित वस्तुओं की आपूर्ति करने का काम किया है। इसलिए इनपर प्रतिबंध लगाया जा रहा है।

चीन हमेशा से ही पाकिस्तान का सहयोगी रहा है। वह इस्लामाबाद के सैन्य आधुनिकीकरण कार्यक्रम में हथियारों और रक्षा उपकरणों का मुख्य आपूर्तिकर्ता रहा है। इन तीन कंपनियों में जनरल टेक्नोलॉजी लिमिटेड, बीजिंग लुओ लुओ टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड और चांगझोउ उटेक कंपोजिट कंपनी लिमिटेड शामिल हैं।

## एफबीआई की शिकायत पर सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

### 7.7 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की क्रिप्टोकरेंसी जब्त

**अहमदाबाद।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अहमदाबाद के एक व्यक्ति से 9,30,000 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 7.7 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की क्रिप्टोकरेंसी जब्त की है। व्यक्ति पर आरोप है कि उसने एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के धोखाधड़ी विभाग के वरिष्ठ कार्यकारी के रूप में खुद को पेश करके एक अमेरिकी नागरिक को धोखा दिया है।




बताया जा रहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के इनपुट के आधार पर, सीबीआई ने रामावत शैशव के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। शैशव ने अमेरिकी नागरिक को फोन कर खुद को अमेजन के धोखाधड़ी विभाग का अधिकारी जेम्स कार्लसन बताया।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी ने पीड़ित को विश्वास दिलाया कि उसके अमेजन खाते को कुछ बेईमान तत्वों द्वारा पहुंच बनाई जा रही थी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खाते खोलने के लिए चार अलग-अलग राज्यों में उसकी सामाजिक सुरक्षा का उपयोग किया जा रहा था। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़ित को अपने बैंक खातों से नकदी निकालने और उसे रॉकिटकॉइन एटीएम वॉलेट में बिटकॉइन में जमा करने के लिए कहा और एक क्यूआर कोड भी साझा किया, जिसमें पीड़ित को गलत जानकारी दी गई कि यह कोड अमेरिकी ट्रेजरी द्वारा उसके लिए जारी किया गया है।

## जनता ने प्रदेश की सूरत बदलने का संकल्प लिया: कमलनाथ

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा है कि शिवराज जी ने अपने 18 साल के कार्यकाल में मध्य प्रदेश को महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित प्रदेश बना दिया है। प्रदेश में बहन बेटियों को सबसे ज्यादा खतरा अगर किसी से है तो भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से है। मध्य प्रदेश की जनता ने अब इस सूरत को बदलने का संकल्प लिया है।

उन्होंने कहा है कि एक महीने बाद बनने वाली कांग्रेस की सरकार पहले से घोषित योजनाओं के अलावा बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह तक 2 लाख 51000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। बेटियों के विवाह के लिए 1लाख 1हजार रुपए की सहायता देगी। महिलाओं को महानगर की



बसों में मुफ्त यात्रा के पास देगी। महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए और 500 रुपए में गैस सिलेंडर के अलावा यह 7 वचन कांग्रेस पार्टी देती है- बेटियों के विवाह की नई योजना प्रारंभ करेंगे, 1 लाख 1 हजार रूपए की सहायता देंगे। महिलाओं के स्टार्ट अप के लिए रूपए 25.00 लाख तक का ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराएँगे। आवासहीन ग्रामीण महिलाओं को आवास एवं आजीविका के लिए 5000 वर्गफुट का भूखण्ड देंगे। महानगरीय बस सेवा में परिवहन हेतु निःशुल्क पास उपलब्ध कराएंगे। आंगनवाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को नियमित करने के लिए नियम बनाएंगे। आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं के लिए मैदानी स्वास्थ्यकर्मियों का नया कैडर बनाकर सेवा से जोड़ेंगे। बेटियों के लिए मेरी बिटिया रानी योजना प्रारंभ करेंगे, उनको 2 लाख 51 हजार की राशि उनके जन्म से विवाह संस्कार होने तक देंगे।

## प्रयागराज जा रही बस हादसे का शिकार, दो की मौत, 40 घायल

**बिलासपुर।** बिलासपुर में एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। बताया गया कि बस बिलासपुर से प्रयागराज जा रही थी, इस दौरान बस केंदा घाटी में गिरी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गईख? जबकि 40 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। बिलासपुर केनदा चौकी बंजारी घाट में बस पलटने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है । इस दुर्घटना में दिवंगत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ, ईश्वर उनके परिजनों को यह दुःख सहने की हिम्मत दे।

**बस की रफ्तार थी तेज-** जानकारी के अनुसार यह भीषण हादसा रतनपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर छपरा मोडनार पेंड्रा के पास हुआ। बस की रफ्तार काफी तेज थी चालक बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस पेड़ के बीच अनियंत्रित होकर के पलट गई।

## कभी भी आ सकती है भाजपा की पाचवीं सूची

**भोपाल।** भाजपा की पांचवीं लिस्ट फायनल हो चुकी है और कभी भी जारी हो सकती है। इस सूची में सभी 92 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में होने वाले निर्णय को




लेकर पार्टी काफी सख्त है। बैठक में तय हुआ है कि टिकट का विरोध करने पर सख्ती से काम लिया जाएगा। उस पर अनुशासन का डंडा चलाया जाएगा। उन पर पार्टी कार्रवाई करेगी। इसके लिए गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सहमति दे दी है।

सूची में संभावित नाम ये बताए जा रहे हैं- ग्वालियर पूर्व माया सिंह, ग्वालियर दक्षिण नारायण सिंह कुशवाह, भिंड नरेंद्र सिंह कुशवाह, वारासिवनी- प्रदीप जायसवाल, देवसर राजेंद्र मेश्राम, बालाघाट- मौसम बिसेन, खंडवा- देवेंद्र वर्मा, जतारा हरिशंकर खटीक, पृथ्वीपुर शिशुपाल यादव, त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, पंधाना छाया मोरे, मेहगांव चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, भांडेर- घनश्याम पिरोनिया, भांडेर घनश्याम पिरोनिया, पोहरी- प्रहलाद भारती, बमोरी महेंद्र सिंह सिसौदिया, निवाड़ी, विधायक अनिल जैन, टीकमगढ़ लक्ष्मी राकेश गिरी, बड़वाह सचिन बिरला, मांधाता विधायक नारायण पटेल, अशोकनगर विधायक जजपाल सिंह जज्जी या लडडूराम कोरी, मुंगावली केपी यादव या बृजेंद्र सिंह यादव, सिमरिया संजय द्विवेदी या वर्तमान विधायक केपी त्रिपाठी, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम।

## तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बरकरार, रात में बढ़ा ठंड का एहसास

**भोपाल।** हवाओं का रुख बार-बार बदलने से प्रदेश में तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना हुआ है। वातावरण में नमी कम होने से आसमान लगभग साफ है। इस वजह से दिन के समय धूप में तल्खी बरकरार है, लेकिन रात का तापमान सामान्य के आसपास बना रहने से ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक प्रदेश में एक प्रति चक्रवात के बने रहने से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। इस वजह से तापमान में घट-बढ़ हो रही है। उधर शुक्रवार-



शनिवार की दरमियानी रात प्रदेश में सबसे कम 15.6 डिग्री सेल्सियस तापमान छिंदवाड़ा में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास सक्रिय हो गया है। यह मौसम प्रणाली शनिवार रात से उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित करने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि मध्य प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में एक प्रति चक्रवात बना हुआ है।

## सिंधिया स्कूल में बहुद्देश्यीय खेल परिसर का शिलान्यास करेंगे पीएम मोदी

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ग्वालियर आ रहे हैं। वह यहां किला स्थित सिंधिया स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के आगमन के चलते किले पर कड़ी सुरक्षा कर दी गई है। किला स्थित गुरुद्वारे पर बाहर से आई संगतों को नीचे ही रोक दिया गया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाद अब इन्हें किले के अंदर प्रवेश मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ज्योतिरादित्य सिंधिया के बुलावे पर मध्य प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां स्कूल के बहुद्देश्यीय खेल परिसर का शिलान्यास करेंगे। साथ ही वार्षिक पुरस्कार विशिष्ट पूर्व छात्रों एवं शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रदान करेंगे। किले पर शुक्रवार से शनिवार तक कार्यक्रम संपन्न होने तक प्रवेश नहीं मिल सकेगा, सिर्फ सिंधिया स्कूल में आए मेहमानों को ही प्रवेश दिया



जाएगा। शनिवार सुबह से किले के आसपास के रास्तों पर ट्रैफिक रोक दिया जाएगा। 9 रास्ते ऐसे हैं, जिन पर ट्रैफिक दबाव अधिक रहेगा, अगर इन रास्तों से शनिवार को गुजरे तो जाम में फंस सकते हैं। इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने भी इन रास्तों की जगह वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के लिए एडवायजरी जारी की है।

पीएम नरेंद्र मोदी की अगवानी के लिए छात्रों के घुड़सवार दस्ते आएंगे और उन्हें कार्यक्रम स्थल तक ले जाएंगे। सिंधिया स्कूल की 125वें स्थापना दिवस में सभी पुराने छात्र भी शामिल होने के लिए आ रहे हैं, जो वर्षों पहले इस स्कूल के छात्र रहे हैं और आज देश-विदेश में कोई उद्योगपति है तो कोई अभिनेता तो कोई राजनीतिक घराने के हैं। ऐसा पहला मौका है जब इस स्कूल में देश का प्रधानमंत्री शिरकत करने के लिए आ रहा है।

फार्म हाउस के मालिक बनें
मात्र 51000/- की
बुकिंग राशि में
हमारे पूर्ण विकसित प्रोजेक्ट
DREAMLAND FARM
कोलार रोड़ में बुक करें और
तुरंत पजेशन प्राप्त करें।
ऑफर मात्र नवरात्रि तक
सम्पर्क -7470487994





भोपाल। इंडियन काफी हाउस समूह द्वारा गुलमोहर में औरा माल के समीप 174वीं शाखा का शुभारंभ किया गया। समूह के चेयरमेन ओ राजगोपाल की उपस्थिति में इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भोपाल के प्रमुख प्रबंधक कुमारन, सुनील एवं अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे। काफी हाउस के पुराने सम्मानित ग्राहकों को इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

# बिलखिरिया मंडल और वार्ड 85 में रामेश्वर शर्मा ने किया जनसंपर्क



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

दिन प्रतिदिन हुजूर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा का धुआंधार जनसंपर्क निरंतर जारी है। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी के द्वारा हुजूर विधानसभा के 71 स्थानों पर पहुँचकर जनसम्पर्क किया गया। जहां रामेश्वर शर्मा ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर स्थानीय नागरिकों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। हुजूर विधानसभा में विकास पुरुष की उपाधि पाने वाले रामेश्वर शर्मा सुबह से लेकर रात तक जनता के बीच जा रहे है।

उनकी सहज उपलब्धता और कार्यशैली से प्रभावित जनता भी लगातार हर स्थान पर उनका भव्य अभिनंदन कर रही है। गुरुवार को कोलार क्षेत्र में जनसंपर्क पूरा करने के बाद आज श्री शर्मा हुजूर के बिलखिरिया मंडल एवं वार्ड-85 में सघन जनसम्पर्क करेंगे। इस दौरान पर 40 से अधिक स्थानों पर जाकर जनता से आशीर्वाद लेंगे। शुक्रवार को जनसंपर्क का यह क्रम पिपलिया बाजखां से प्रारंभ हुआ, जहां घर-घर संपर्क के बाद श्री शर्मा देवलखेड़ी, खामखेड़ा, मुगलिया कोट, इमलिया और चौपड़ा कलां पहुंचे। जहां जनता ने खासे उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया।

**क्षेत्र के विकास में हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे:** जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मैं जहाँ जाता हूँ जनता अपने स्नेह द्वार खोलकर मेरा स्वागत करती है। यह मुझे अपने कार्यकाल की सफलता प्रतीत होती है। पिछले कार्यकालों में मैंने हुजूर की सेवा और जनता की सुविधा के अनेकों कार्य किये। जिसके परिणामस्वरूप ही मैं हुजूर परिवार का बेटा बन पाया हूँ। इसलिए अब अपने परिवार हुजूर की तरक्की में कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने हुजूर के बेटे को प्रत्याशी बनाया है, और जब बेटा चुनावी रण में हो तो वह अकेला नहीं रहता, परिवार का हर सदस्य उसके साथ रहता है। इसलिए हुजूर का चुनाव केवल रामेश्वर नहीं हुजूर का हर नागरिक लड़ेगा। अपने बेटे को जीत दिलाने में कोई नागरिक पीछे नहीं रहेगा।

**इन स्थानों पर आज होगा जनसम्पर्क :** हुजूर भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा शुक्रवार को पिपलिया बाजखां, शिवमंदिर, चित्रकूट कालोनी, मानस विहार, कोलुआ खुर्द (ग्राम कोलुआ), देवलखेड़ी, पड़रिया काछी श्यामपुर, पुरामन भावन, खामखेड़ा, समरधा जंगल, अर्जुननगर, हरिपुरा, शांतिनगर, पड़रिया काछी, बिलखिरिया, मुगालिया चाचेड़, गनियारी, कोट मुगालिया, सांकल टांडा सांकल, टांडा, जमुनिया, डंगरोली, जमुनिया, बांसिया, इमलिया सेमरा सय्यद, इमलिया, खारखेड़ी, पड़रिया जाट, पडरिया जाट, बावड़िया खुर्द, चोपड़ा कलां, अमझरा, सूखी सेवनिया, झागरिया खुर्द, बरखेड़ी अब्दुल्ला, बरखेड़ी, फतेहपुर, झागरिया बस्ती, डोब, गौरीशंकर परिसर, बालमपुर, विवेकानंद परिसर, घाटी, लालू टपरा, बालमपुर गांव, कूची, देहरी, भदभदा, आमोनी, सिल्वर स्टेट, कटारा हिल्स, गढ़मुर्रा, आमोनी, भगवती नगर बस्ती, अमलतास चौराहा, प्रेमपुरा, रेल्वे स्टेशन टपरा, खेराईटपैरा, पार्कसिटी, पिपलिया जाहीरपीर, रजत गोल्डन नेस्ट, सेवनिया ओंकारा, स्प्रिंग वैली, अरेड़ी, क्रेशरबस्ती, स्प्रिंग वैली इयू, स्प्रिंग वैली जूनिफर, कान्हासैया, शांतिनगर, नवीन बस्ती, कोलुआ खुर्द, बगली, कटारा गांव, डोबरा, चोर सागोनी, सागोनी कलाँ, आदमपुर छावनी, छावनी पठार, झिरियाखेड़ा, आदमपुर छावनी, मेकर रिगलिया, कस्तूरी आदि स्थानों पर पहुँच कर जनसम्पर्क करेंगे।

# वीडियो कॉलिंग कर सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों से ली जानकारी

## शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर निगमायुक्त की सख्त चेतावनी

भोपाल । निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए स्वच्छता संबंधी कार्यों को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही चेतावनी भी दी कि साफ-सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी और संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। निगम आयुक्त ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों से चर्चा की और स्थल की जानकारी प्राप्त करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने शुक्रवार को बिट्टन मार्केट, हबीबगंज थाना, अरेरा कालोनी ई-4, ई-7, 1100 क्वार्ट्स, दुर्गादास राठौर चौराहा, 12 नंबर स्टाप मार्केट, शैतान सिंह चौराहा, मनीषा मार्केट, शाहपुरा झील, बंसल अस्पताल, रोहित नगर, बावड़ियाकला, 06 बंगले, ओरामॉल, त्रिलंगा, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय बस स्टाप आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के पास के पेड़ों की झाड़ियों एवं पटले आदि को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से स्थल दिखाते हुए संबंधित ए.एच.ओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने 12 नंबर स्टाप मार्केट क्षेत्र में भी झाड़ियां आदि की सफाई कराने तथा 1100 क्वार्टर, मनीषा मार्केट, शाहपुरा आदि क्षेत्रों से कचरा तत्काल उठवाने, लिटरबिन के बाहर पड़े खाली डिब्बे, पन्नी हटाकर बेहतर ढंग से सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने 06 बंगला ओरामॉल क्षेत्र में नाले के पास स्थित गुमठियों के पीछे साफ-सफाई बेहतर ढंग से कराने तथा गुमठियों को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय बस स्टाप के पास पेड़ों की डालियों को हटाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने वीडियो कॉलिंग के माध्यम से सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों से उनके स्थल की जानकारी प्राप्त की और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने हेतु सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही चेतावनी दी कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में यदि कोई कोताही/लापरवाही पाई जाती है तो संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# सीवेज तालाब में जाने पर 41 अस्पतालों से होगी 1 करोड़ से अधिक की वसूली

## एन.जी.टी द्वारा पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि अधिरोपित किए जाने पर निगम ने संबंधित अस्पतालों भेजे नोटिस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम द्वारा बिना उपचार किए सीवेज तालाब में प्रवाहित कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले 41 अस्पतालों/नर्सिंग होम्स से 01 करोड़ 47 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वसूल किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। निगम द्वारा 41 अस्पतालों व अन्य संस्थानों को क्षतिपूर्ति राशि के देयक जारी कर दिए गए है। उक्त पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि एन.जी.टी द्वारा अधिरोपित की गई है।

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए द्वारा बिना उपचार किए सीवेज तालाब में प्रवाहित करने वाले अस्पतालों पर अधिरोपित पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि की वसूली हेतु दिए गए निर्देशों के परिपालन में जोन क्र. 05 के अंतर्गत वार्ड क्र. 08 एवं 09 में स्थित अस्पतालों को देयक जारी किए गए। नवाब सिद्दीक हसन खां तालाब में बिना उपचारित सीवेज प्रवाहित करने पर किलकारी चिल्ड्रन हास्पिटल, सरदार पटेल पॉली क्लिनिक, नेचर हास्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर, आराम क्लिनिक, डॉ. जयन्त यादव, केयर एण्ड स्माइल डेंटल केयर, आस्था, आस्था आर्थोपेडिक डे केयर सेंटर, नोबल डायग्नोस्टिक, समाधान पैथालाजी एण्ड डायग्नोस्टिक एण्ड डिजिटल एक्सरे, डॉ. रिचा डायग्नोस्टिक सेंटर, एयर होराइजन टेऊब्रल्स, डॉ. अनिल बलेचा स्किन एक्सपर्ट, हाईटेक केयर एण्ड लेजर सेंटर, स्माइल मेकर डेंटल क्लिनिक, इण्डियन बैंक, शील्पा डोडानी, हमीदिया मल्टीकेयर हास्पिटल, बनवारी लेबोरेटरी, शुभम हास्पिटल, भोपाल केयर हास्पिटल, ए.बी.एम. मल्टी स्पेशलिटीज हास्पिटल, सिल्वर लाइन हास्पिटल, डॉ. पेथलेब, सेंट्रल हास्पिटल, सिटी केयर हास्पिटल, संजीवनी डी-केयर, मानस ब्लड बैंक, यूनिक हास्पिटल, आर्थोपेड लेब एण्ड क्लिनिक, बालाजी चिल्ड्रन हास्पिटल, परख पैथोलाजी लेब, ईशकृपा एंडोस्कोपी, एल.बी.एस हार्ट हास्पिटल, एल.बी.एस. इमरजेंसी हास्पिटल, रिचा डायग्नोस्टिक, आशीर्वाद मेडिकल शॉप, यशोदा हास्पिटल, डॉ.टंकवाल नोज नेक सेंटर, फेथ केयर डायग्नोस्टिक, डॉ.लाल पेथलेब, पारस हास्पिटल आदि को देयक जारी किए गए है।

# एलएन आयुर्वेद कॉलेज के छात्रों को मिला गरबा महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार



**भोपाल।** विगत दिवस एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय कोलार रोड भोपाल में गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरूआत कुलाधिपति श्रीमति पूनम चौकसे के द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना कर की गई जिसमे कुलसचिव अनुपम चौकसे संचालक डॉ श्रीमति श्वेता चौकसे, संचालक डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता कुलपति डॉ नरेन्द्र थापक के द्वारा की गई जिसमे एल. एन.सी.टी. विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले सभी कॉलेज के छात्र छात्राए भारी संख्या में गरबा के लिए मौजूद रहे छात्र-छात्राओं की वेशभुषा एवं गरबा परफार्मेन्स के आधार पर 3 ग्रुप का चयन बेस्ट गरबा के लिए किया गया जिसमे एल. एन. आयुर्वेद कॉलेज के छात्र-छात्रओं को प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया सफल आयोजन एवं छात्रों के उत्साहवर्धन के लिये डॉ सुरेन्द्र राजपूत डॉ नेहा जैन डॉ मोहित तवर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर एल.एन आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सपन जैन एवं डॉरेक्टर डॉ. विशाल शिवहरे एवं टीचिंग स्टॉफ की तरफ से सभी छात्र-छात्राओ को बधाई दी गई।

# गरबा आयोजनों में मतदाता जागरूकता का दिया जा रहा संदेश

**भोपाल।** विधानसभा निर्वाचन - 2023 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नवरात्रि महोत्सव अंतर्गत गरबा आयोजनों में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा। लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान करने की शपथ दिलाई जा रही है। युवाओं को लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने एवं अपने मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया जा रहा है। इसी के साथ जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां जैसे मतदान जागरूकता पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सहित मेंहदी, रंगोली, स्लोगन, गीत प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान का महत्व और जानकारी दी जा रही है। स्वीप गतिविधियों में अधिक से अधिक मतदान कराने और परिवार के लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करें जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा की समझाईश दी जा रही है।



भोपाल। मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। सुबह से ही आसामान पर बादलों का डेरा जमा रहने से बड़े तालाबा का दृश्य कुछ इस तरह नजर आया।

# विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस पर की चर्चा

**भोपाल।** राजधानी के परवलिया रोड स्थित अमन हॉस्पिटल ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है अमन हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर रविंद्र वर्मा ने आज विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस के अवसर पर चर्चा में बताया कि अमन अस्पताल द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए कैंप का आयोजन किया जाता है जिससे वह अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल कर सकें

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध



**भोपाल।** राजधानी के परवलिया रोड स्थित समृद्धि हॉस्पिटल ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है समृद्धि हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर राज पटेल ने आज विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस के अवसर पर चर्चा में बताया कि अमन अस्पताल द्वारा समय-समय पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए कैंप का आयोजन किया जाता है जिससे वह अपने स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल कर सकें।

# गोविंदपुरा विधानसभा विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर के लिए किया चुनाव प्रचार



**भोपाल।** वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल के नेतृत्व में एवं पूजा यादव, मंडल अध्यक्ष निलेश गौर,भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, चुनाव मंडल प्रभारी बालिस्ता रावत, विधायक प्रतिनिधि, चुनाव मंडल सह प्रभारी विनोद साहू, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, विमलेश कुमार, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 74 की पार्षद शकुन सिंह लोधी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजू लोधी के उपस्थिति में वार्ड 72 भानपुर मैन रोड़, गीता नगर, पार्श्वधाम, अटल नेहरू नगर, कल्याण नगर, लीलाधर कालोनी, पटेल मार्केट, बिहारी कालोनी के मतदाताओं से घर घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर गोविंदपुरा विधानसभा विधायक प्रत्याशी कृष्णा गौर को विजयी बनाने के लिए आग्रह कर पत्रक वितरण किया। जनसंपर्क में पूनम प्रजापति, गायत्री गायकवाड़, भागवती पटेल, रमा कुशवाह, संजय रैकवार, केपी पाठक, बिंद्रपाल सिंह बाथम, नर्बदा प्रसाद सचान, मुकेश ठाकुर, चंद्रप्रकाश गौर, कमलेश गंगेले, डीएस वर्मा, कैलाश सोनी, मुकेश बघेल जी, मुकेश ठाकुर, बीएस मरमट, अंकित पटेल, अभिषेक माली जी, रविशंकर लोधी, संदीप अहिरवार, देवेंद्र साहू, पप्पू सूर्यवंशी, शुभम कोरी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# सम्पत्ति विरूपण दलों ने हटाये शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बैनर, पोस्टर

भोपाल। नगर निगम द्वारा संपत्ति विरूपण के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में निगम के संपत्ति विरूपण दलों ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, शासकीय/अशासकीय भवनों आदि पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की प्रचार/विज्ञापन सामग्री को हटाने की कार्यवाही करते हुए 95 पोस्टर, बैनर, फ्लैक्स इत्यादि सहित अन्य प्रकार की प्रचार/विज्ञापन सामग्री हटाई तथा 15 स्थानों पर दीवार लेखन पर पुताई भी कराई गई।

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए द्वारा आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थानों/शासकीय/अशासकीय संपत्तियों पर लगाये गये बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, बोर्ड, पंपलेट व दीवार लेखन कर संपत्तियों को विरूपित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के संपत्ति विरूपण दलों ने सभी 21 जोनों के 85 वार्ड क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 17 फ्लैक्स/बैनर, 66 पोस्टर/पंपलेट तथा 12 अन्य प्रकार की सामग्री हटाने की कार्यवाही की साथ ही 15 स्थानों पर दीवार लेखन पर पुताई भी कराई गई। निगम की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

**जल संसाधन विभाग में अजजा वर्ग के अधीक्षण यंत्री होने के बाद भी**

# रिटायर्ड कनिष्ठ अधीक्षण यंत्रियों को प्रमुख अभियंता का पद सौंपकर किया जा रहा अन्याय

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग प्रदेश महत्वपूर्ण विभाग है, जिसका सीधा सम्बन्ध किसान एवं छोटी-बड़ी महत्वपूर्ण सिंचाई योजनाओं से प्रदेश में व्यापक कार्य किये जाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्रों तक, पीने के पानी से लेकर सिंचाई के पानी हेतु बांध बनाना, जन जल योजना के क्रियान्वयन एवं अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है। ऐसी स्थिति में कोई भी मुख्य अभियंता नहीं है। प्रमुख अभियंता का महत्वपूर्ण पद एवं मेम्बर इन इंजीनियरिंग का महत्वपूर्ण पद भी रिक्त है। इसी के साथ-साथ सचिव का पद भी लम्बे समय से रिक्त है। म.प्र. में वर्तमान समय में जनजाति आदिवासी समाज के अधीक्षण यंत्री कार्यरत हैं, जिनकी सेवा स्थायी रूप से अधीक्षण यंत्रियों के पद पर 10 वर्ष से 12 वर्ष के बीच हो गई है। मुख्य अभियंता स्तर के कार्य भी देखे जा रहे हैं। अधीक्षण यंत्री पद से नियमानुसार 5 वर्ष के पश्चात मुख्य अभियंता बनाया जा सकता है।

वर्तमान समय में मुख्य अभियंता एवं प्रमुख अभियंता के प्रभार पर जिस तरीके से प्रमुख स्तर के अधिकारी के पद पर से.नि. कनिष्ठ अधीक्षण यंत्री को दो पद उपर का कार्यभार दो स्थानों पर दिया गया है जैसे नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, जिनमें कई बांधों का निर्माण एवं अनेक योजनाएं चल रही हैं। यह पद भी नियम विरुद्ध से.नि. अधिकारी अधीक्षण यंत्री को सौंपा गया है। वर्तमान समय में चुनाव आयोग को हर मुद्दे पर ध्यान देने की आवश्यकता है। म.प्र. जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता का कार्यभार अधीक्षण यंत्री जूनियर से.नि. वाले को देने की प्रथा नहीं है, परन्तु राजनैति आधार पर स्वार्थवश उन्हें कार्यभारसौंपा गया है, जबकि विभाग में वर्तमान में अधीक्षण यंत्री कार्यरत हैं, जो वंचित हैं, इन जनजाति वर्ग के साथ अन्याय किया जा रहा है। चुनाव आयोग को राजनीतिक आधार पर अधिकारियों को कार्यभार सौंपे गये हैं, उन्हें तुरन्त समाप्त कर विभाग में पदस्थ अधीक्षण यंत्रियों को कार्यभार दिया जाना उचित देखते हुए निष्पक्ष तरीके से कार्य को तुरन्त संविदा के अधीक्षण यंत्रियों को कार्यभार वापिस लेकर वरिष्ठतानुसार प्रमुख अभियंता एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में कार्यभार सौंपे जाए।

# भाजपा सुरखी विधानसभा के विकास के लिए प्रतिबद्ध : गोविंद सिंह राजपूत

### भाजपा प्रत्याशी ने राहतगढ़ के ओसानखेड़ी, चंद्रापुर, सेमराझिला, पिपरियाघाट, बरखेरा, करैया, रजौली, रजवांस और खिरिया गांव में किया जनसंपर्क



**सागर।** सुरखी विधानसभा में जैसे-जैसे चुनाव प्रचार की रफ्तार बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत के पक्ष में समर्थकों का सैलाब भी बढ़ता जा रहा है। हर तरफ से एक ही आवाज गूंज रही है, जय भाजपा विजय गोविंद। शुक्रवार को सुरखी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने अपने प्रचार का सिलसिला ग्राम चंद्रापुर से शुरू किया। गाजे बाजे के साथ गांव की सड़कों और गलियों में घूम कर भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने माता-बहनों और बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह से आपके गांव में सड़क, पानी जैसे विकास कार्य हुए हैं उनसे आपको सुविधा मिली है। भारतीय जनता पार्टी और मैं इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए तत्पर हैं।

# केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने सौंसर एवं परासिया में की चुनावी सभाएं



**बालाघाट।** केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा है कि यदि देश की जनता अपनी अगली पीढ़ी की उन्नति व विकास चाहती है, तो इसके लिए भाजपा से बेहतर पार्टी नहीं है और कमल से अच्छा निशान नहीं है। ये दोनों ही देश के विकास और तरक्की के लिए अनिवार्य हैं। श्री पटेल बालाघाट जिले की परासिया विधानसभा के ग्राम हट्टा के गुजरी चौक में भाजपा प्रत्याशी रामकिशोर नानो कांवरे के समर्थन में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंच पर सांसद ढाल सिंह बिसेन एवं जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल सहित पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसके पूर्व पटेल ने छिंदवाड़ा के सौंसद में भी जनसभा को संबोधित किया।

# घमंडिया गठबंधन की हालत, दिल्ली में दोस्ती, राज्यों में कुश्ती: शिवराज

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि घमंडिया गठबंधन की हालत - दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती कर रहे है । ये घमंडिया गठबंधन है इनमें न लोगों के विचार एक हैं और न ही दिल एक है। केवल मोदी जी की लोकप्रियता से घबराकर ये बेमेल गठबंधन बना था जो बनने से पहले ही टूट रहा है। इस इंडी गठबंधन ने मध्यप्रदेश में रैली तय की थी उसे कमलनाथ ने कैन्सल करवा दी और घुसने से भी मना कर दिया।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि जिस दिन से यह गठबंधन बना है यह अजीब गठबंधन है दिल्ली में दोस्ती और राज्यों में कुश्ती ऐसा कहीं होता है क्या? जिस तरह का बयान सपा नेता अखिलेश यादव का आया है, उससे यह साफ़ हो चुका है कि इंडी गठबंधन बनने से पहले ही टूट गया है। इसका कोई भविष्य ही नहीं है ये घमंडिया लोग पूरी तरह बिखर गए है । चौहान ने कहा कि अभी-अभी जो कल अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने उन्हें और सपा को एक साल तक धोखे में रखा बातें करते रहे और बाद में धोखा दे दिया। उनके कार्यकर्ता रातभर जागे, उन्हें बैठाया और उन्होंने चिरकुट जैसे जिन शब्दों का प्रयोग किया है इससे अखिलेश यादव के मन की स्तिथि समझी जा सकती है कि कांग्रेस ने उन्हें कितना धोखा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आपस में भी धोखा दे रही है। मध्यप्रदेश में कांग्रेस लड़ रही है, सपा लड़ रही है, आप भी बाहें चढ़ाकर सामने खड़ी है ये आपस में लड़ रहे है ये काहे का गठबंधन है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य के साथ जनता इस गठबंधन को देख रही है कि जब आज ही इस गठबंधन की यह स्थिति है, ये आपस में लड़ रहे हैं तो इनके हाथों में देश और प्रदेश का भविष्य कैसे होगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस की भी कल सूची जारी हुई है, कुछ टिकट कमलनाथ जी तो कुछ टिकट दिग्विजय सिंह जी ले गए। बाकी कांग्रेस के नेता हाथ मलते रह गए। कांग्रेस में अब आपस में ही लड़ाई मची हुई है। विरोध हो रहा है, पुतले जल रहे हैं। एक अपने पुत्र को स्थापित कर रहा है तो दूसरा अपने पुत्र को स्थापित कर रहा है।

# अंदरूनी कलह से तार-तार हुई गुटों और गिरोहों में बंटी कांग्रेस: विश्वास सारंग



**भोपाल।** कांग्रेस की दूसरी सूची जारी होने के बाद पार्टी की अंदरूनी खींचतान सड़क पर आ गई है। पार्टी की जो कपड़ा फाड़ राजनीति बंद कमरों के अंदर चल रही थी, वो अब सार्वजनिक हो गई है। वहीं, गुटों और गिरोहों में बंटी कांग्रेस में अपने-अपने साम्राज्य, अपने छत्रपों और अपने-अपने गुर्गों को स्थापित करने की रस्साकशी उजागर हो गई है। दोनों सूचियों से उपजे असंतोष से कांग्रेस पार्टी तार-तार हो गई है और चुनाव में वह दो अंकों तक भी नहीं पहुंच सकेगी। यह बात प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को प्रदेश मीडिया सेंटर में पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

प्रदेश सरकार के मंत्री सारंग ने कहा कि अभी कुछ समय तक प्रदेश कांग्रेस के जो दो नेता गलबहियां डाले घूम रहे थे और प्रदेश में सरकार बनाने की डींगें हांक रहे थे, उनका असली मंतव्य कांग्रेस की दोनों सूचियों से सामने आ गया है। श्री सारंग ने कहा कि कांग्रेस की पहली सूची आने के बाद कमलनाथ ने कपड़े फाड़ने की बात की, तो दिग्विजय सिंह ने मीडिया के सामने उनकी गलतियों को उजागर किया।



**भोपाल। पार्षद प्रवीण सक्सेना को जिला शहर कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनका स्वागत किया।**

# नरोत्तम मिश्रा सामाजिक सम्मलेन में शामिल हुए, प्रत्याशियों के समर्थन में किया प्रचार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश सरकार के गृह मंत्री और दतिया विधानसभा के पार्टी प्रत्याशी डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पिछोर और अशोकनगर में सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी राजस्थान गए तो हिंदू व हिंदुत्व पर सवाल उठाया। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि इन्होंने दूसरे धर्म पर सवाल क्यों नहीं उठाया ? राहुल गाँधी हमसे जातिगत जनगणना की बात करते है यही अगर दूसरे धर्म में बात की होती तो सर तन से जुदा हो जाएगा के नारे लग जाते यह विचार करो। ये कांग्रेसी यहां आए तो भगवा को आतंकवाद बताया। एक इनके घटिया गठबंधन का व्यक्ति है वह बोल रहा है कि सनातन तो डेंगू है, मच्छर है। आखिर यह सारे प्रहार हमारे ही धर्म पर क्यों हो रहे हैं। आप लोग एक बार जरुर विचार करना एक तरफ तो वह दल है जो आपको जातियों में बांटकर देश को तोड़ना चाहता है, और एक वर्ग विशेष को भाजपा का डर दिखाकर संगठित रखना चाहता है। आप सिर्फ कमल के फूल को देखो मैं वादा करता हूं कि अगर आधी रात को भी आप मेरे घर का दरवाजा खटखटाओगे तो मैं आपके लिए सदैव तैयार रहूंगा। प्रदेश सरकार के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा शुक्रवार को शिवपुरी और अशोकनगर जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार पर थे। डॉ. मिश्रा ने शिवपुरी जिले की पिछोर में पार्टी प्रत्याशी श्री प्रीतम लोधी और अशोकनगर में सम्मलेन को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को जिताने की अपील की। सम्मलेन के पश्चात डॉ. मिश्रा ने चंदेरी विधानसभा के ईशागढ़ में पार्टी प्रत्याशी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के समर्थन में नव मतदाता सम्मलेन को संबोधित करते हुए युवाओं से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# योग में सांख्यिकी का महत्व: योग गुरु महेश अग्रवाल



**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर सभी समाज की जयंती, महापुरुषों की जयंती, सभी धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय पर्व उत्साह पूर्वक मनाये जाते है, स्वच्छता, नशामुक्ति वृक्षारोपण, पर्यावरण, शिक्षा, खेलकूद जैसे विषय पर जागरूकता अभियान एवं सभी राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय दिवस का महत्व एवं जीवन में उपयोगिता बताते हुए साधकों को स्वस्थ रहते हुए सेवा कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। विश्व सांख्यिकी दिवस के अवसर पर योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि सांख्य अर्थात् गिनाने वाला शास्त्र, सांख्यिकी एक गणितीय विज्ञान है जिसमें किसी वस्तु/अवयव/तंत्र/समुदाय से सम्बन्धित आकड़ों का संग्रह, विश्लेषण, व्याख्या या स्पष्टीकरण और प्रस्तुति की जाती है।

# जागरूकता बढ़ाने एम्स ने विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस मनाया



विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस पर एम्स भोपाल में आज दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को आईपीडी ब्लॉक की गांधी गैलरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान और उपचार के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए एकत्र हुए थे। यह बीमारी हड्डियों को कमजोर कर देती है, जिससे वे नाजुक हो जाती हैं और उनके फ्रैक्चर होने की प्रबल संभावना होती है। आर्थोपेडिक सर्जन के रूप में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ, प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह ने ऑस्टियोपोरोसिस के विभिन्न पहलुओं पर अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की, इसे रिकेट्स नामक बीमारी से अंतर समझाया किया। ऑस्टियोपोरोसिस के कई मामलों के सफलतापूर्वक इलाज में अपने व्यापक अनुभव का उपयोग करते हुए, उन्होंने विटामिन डी की कमी के साथ इसके संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह बीमारी न केवल सभी उम्र के व्यक्तियों को बल्कि स्वास्थ्य पेशेवरों को भी प्रभावित करती है, उन्होंने बीमारी से जुड़े जोखिम कारकों की पहचान करने और उन्हें कम करने की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ऑस्टियोपोरोसिस के प्रबंधन में रोकथाम और उपचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शशांक पुरवार ने बीमारी की मूल प्रकृति पर प्रकाश डाला और आम जनता में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से एम्स भोपाल में इस दिन को मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रो. के पुष्पलता, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के प्रमुख ने महिलाओं के लिए विशिष्ट जोखिम कारकों पर महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की। ऑर्थोपेडिक विभाग के डॉ. जॉन संतोषी ने ऑस्टियोपोरोसिस से जुड़ी जटिलताओं और संभावित जटिलताओं पर गहराई से चर्चा की। डॉ. गिरीश भट्ट ने इस बात पर जोर दिया कि यह बीमारी उम्र को पार कर जाती है, न केवल वयस्कों और बुजुर्गों को बल्कि बच्चों को भी प्रभावित करती है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग की डॉ. राधा सारोंगी ने रोग के निदान और इमेजिंग पहलुओं पर प्रकाश डाला। जनरल मेडिसिन के प्रमुख डॉ. रजनीश जोशी ने उपचार के विकल्पों और रणनीतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. राघवेंद्र कुमार विदुआ, उप चिकित्सा अधीक्षक, ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि डॉ. बबीता रघुवंशी, उप चिकित्सा अधीक्षक, ने वक्ताओं को फूलों से सम्मानित किया। उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेखा लालवानी ने सभी को हार्दिक धन्यवाद दिया। एम्स भोपाल ने आम जनमानस को संदेश दिया कि ऑस्टियोपोरोसिस, जिसे अक्सर उम्र बढ़ने के अपरिहार्य परिणाम के रूप में गलत समझा जाता है, को जल्दी पहचाना जा सकता है, इसके जोखिम कारकों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, रोका जा सकता है, और प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है।

## सिज़ोफ्रेनिया पर सत्र आयोजित



एम्स भोपाल के सेंटर ऑफ हैप्पीनेस ने, मनोचिकित्सा विभाग के साथ साझेदारी में, 20 अक्टूबर, 2023 को सिज़ोफ्रेनिया देखभाल करने वालों के लिए एक सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम ने देखभाल करने वालों को अनुभव, ज्ञान का आदान-प्रदान करने और महत्वपूर्ण चुनौतियों के मद्देनजर रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान किया। यह रोग गंभीर मानसिक विकार है।

एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने देखभाल करने वालों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए नियमित इंटरैक्टिव सत्रों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देखभाल करने वाले व्यक्ति मरीज़ों की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके अनुभवों से दूसरों को लाभ हो सकता है।

मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) विजेंदर सिंह ने बीमारी को स्वीकार करने और उचित उपचार लेने के महत्व पर चर्चा की। रोगियों की देखभाल करने वालों ने बताया कि कैसे उपचार में निरंतरता और डॉक्टरों के मार्गदर्शन ने उनके प्रियजनों की मदद की। फिजियोलॉजी की अपर प्रोफेसर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की नोडल अधिकारी डॉ. रुचि सिंह ने देखभाल करने वालों को अपने जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए अपने अनुभव और दर्द साझा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मनोचिकित्सा के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्नेहिल गुप्ता ने धैर्य पर जोर दिया, क्योंकि सिज़ोफ्रेनिया का इलाज लंबे समय तक चल सकता है। उन्होंने देखभाल करने वालों को एक सहायता समूह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसे हैप्पीनेस केंद्र और मनोचिकित्सा विभाग आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। डॉ. सोफिया मुद्दा, चिकित्सा अधिकारी (योग) ने तनाव कम करने की तकनीकों का प्रदर्शन किया।

स म्पा द की य

# मामला बिगड़ न जाए!

विपक्षी गठबंधन के घटक दलों ने पहले ही साफ कर दिया था कि राज्यों के चुनाव में मिलकर लड़ें, ऐसा जरूरी नहीं। लेकिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तेज होती तैयारियों के बीच मध्य प्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच जो कड़वा विवाद सामने आ गया, उससे मामला अभी से बिगड़ता नजर आने लगा है। इसके नतीजे न तो मध्य प्रदेश तक सीमित रहने वाले हैं और न ही विधानसभा चुनावों तक।

समाजवादी पार्टी के चीफ अखिलेश यादव ने कह भी दिया है कि जब लोकसभा चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे की बात होगी, तब यूपी में कांग्रेस के साथ वह वैसा ही व्यवहार करेंगे जैसा उनके साथ मध्य प्रदेश में किया गया है। जबकि मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की परिस्थितियां एकदम अलग हैं। वैसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी तो चाहते थे कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस सपा के साथ ही आप पार्टी को कुछ सीटें दे दे और समझौता कर ले। लेकिन यहां की कांग्रेस कमेटी ने राहुल गांधी की मंशा पर ही पानी फेर दिया। और तो और प्रदेश अध्यक्ष ने भोपाल में प्रस्तावित इंडिया गठबंधन की रैली कराने से भी साफ इंकार कर दिया।

हालांकि यह बात पहले से कही जाती रही है कि विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर और लोकसभा चुनावों के लिए किया गया है। तो उसमें ऐसी कोई बात नहीं है जो अखिलेश यादव या उनकी समाजवादी पार्टी को समझ न आए। लेकिन सवाल यह है कि अगर बात इतनी ही साफ थी तो फिर मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों को लेकर उससे कोई बातचीत शुरू ही क्यों की। क्यों उन नेताओं को इन चुनावों की रणनीति पर विचार-विमर्श के लिए बुलाया गया और जैसा कि समाजवादी पार्टी का दावा है, उसके लिए छह सीटें छोड़ने की तैयारी भी दिखाई गई। और क्यों बाद में बिना किसी स्पष्टीकरण के सभी सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित कर दिए गए? इस प्रकरण पर कांग्रेस का कोई आधिकारिक बयान अभी नहीं आया है लेकिन यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जो प्रतिक्रिया अखिलेश यादव के बयान पर दी है उससे इतना जरूर स्पष्ट होता है पार्टी इस मसले पर बचाव की मुद्रा में नहीं है।

उसका कहना है कि मध्य प्रदेश में 22 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करके समाजवादी पार्टी ने बीजेपी की मदद करने की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। यही नहीं मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने यहां तक कह दिया, काहे की समाजवादी-बमाजवादीपार्टी। बहरहाल, इस आरोप-प्रत्यारोप और तीखी बयानबाजी के बीच भी कोई इंडिया गठबंधन के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहा। समाजवादी पार्टी ने भी यह नहीं कहा कि वह कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के साथ लोकसभा चुनावों में गठबंधन नहीं करेगी। उसका कहना सिर्फ यह है कि उस समय कांग्रेस के साथ जैसे को तैसा की तर्ज पर व्यवहार किया जाएगा। इसका सही मतलब दरअसल क्या है यह उसी समय स्पष्ट होगा, लेकिन अभी इतना जरूर कहा जा सकता है कि अगर सचमुच विपक्षी दल इंडिया गठबंधन को लेकर गंभीर हैं और इसे बनाए रखना चाहते हैं तो उन्हें अपने मतभेदों को निपटाने का कोई बेहतर तरीका ढूंढना चाहिए।

देखा जाए तो जो मतभेद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच उपजे हैं, वे आप समेत तमाम अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ भी उभर सकते हैं। ऐसे में एक-दूसरे की सार्वजनिक आलोचना करते ये दल जब कुछ महीने बाद लोकसभा चुनाव के मौके पर गलबंहिया डाले नजर आएंगे तो आम मतदाताओं के लिए उनके गठबंधन की विश्वसनीयता स्वाभाविक ही संदिग्ध होगी। यहां एक बात यह उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश को लेकर कांग्रेस जो रणनीति बना रही है, वह मध्यप्रदेश जैसे राज्य के कारण कहीं फेल न हो जाए। ठीक है विधानसभा चुनाव में गठबंधन नहीं हो रहा, समझौता भी नहीं कर रहे, लेकिन कम से कम विपक्षी गठबंधन के सदस्य दलों पर अपमानजनक टिप्पणी से तो बचना ही चाहिए।

मध्यप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बसपा और सपा के साथ ही आम आदमी पार्टी भी अपनी जमीन तलाश रही है। वहां जो उम्मीदवार उतारे गए हैं, अधिकांश अभी तक तो कांग्रेस के ही वोट काटते आए हैं। इसलिए यदि कांग्रेस दस सीटों तक पर भी समझौता कर लेती, तो उसे कोई नुकसान नहीं होता। उलटे कई क्षेत्रों में फायदा ही हो जाता। यहां ऐसा लगता है कि कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व को सरकार में हिस्सेदारी देने पर ऐतराज ज्यादा है। लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि भाजपा की एंटीइन्कम्बेंसी इतनी भी नहीं है कि उनके ओवर कान्फीडेंस का कारण बने। और भाजपा की हालत इतनी भी खराब नहीं कि वो अपनी हालत में कुछ भी सुधार न कर पाए। राजनेता कहीं न कहीं गलतफहमी के शिकार अवश्य हो जाते हैं और ये गलतफहमी उन्हें सत्ता से दूर ही करती हैं। समय रहते सावधान होने की आवश्यकहा है। फिर भी, विपक्षी गठबंधन का भविष्य हो सकता है इन विधानसभा चुनावों के चलते अंधकार में न पड़े।

## नवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम

नवरात्रि में सप्तशती के पाठ का बहुत महत्व होता है और सप्तशतीपाठ में चतुर्थी और अष्टमी का बहुत महत्व बताया गया है, श्री मां आशापुरा दरबार* में अष्टमी के दिन का बहुत विशेष रूप से मनाया जाता है, इस बार की अष्टमी का आप आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव करें और उसका आपके जीवन में मंगल प्रभाव रहे, इस हेतु हम आपको विशेष तौर पर आमंत्रित कर रहे हैं

अष्टमी दिनांक 22.10. 2023 रविवार सुबह 9:30 बजे माताजी का अभिषेक किया जाएगा, उसके बाद अष्टमी का पूर्णाहुति हवन जो की करीब सुबह 11:30 तक चलेगा, फिर माता जी को भोग और माताजी द्वारा गोद भराई उसके बाद दोपहर 1:00 से 3:00 बजे तककन्या भोज तथा भंडारा होगा, अष्टमी की रात को पूरी रात का जागरण किया जाता है आप उसमें भी सम्मिलित हो सकते हैं

अष्टमी की रात यानी रविवार को रात में माता जी के आदेश पर हमेशा की तरह श्री महालक्ष्मी जी का पूजन किया जाएगा, यदि आप पूजन करना चाहे तो पूजन हेतु आपको अपने घर से अपना श्री यंत्र या माता जी की मूर्ति अथवा जो भी आपके आराध्य देव हो, उन्हें पीले कपड़े में एक थाली में रख कर लाये, एक पटा तथा अपने बैठने के लिए आसान तथा आहुति के लिए 108 नग किसी भी प्रकार के ड्राई फ्रूट, लौंग इलायची या फल के लाने हैं, या आप चाहे तो दर्शनार्थी की तरह इस पूजा का आनंद ले सकते हैं

आपके परिचित अथवा परिवार में यदि किसी को गोद भरवानी है तो उन्हें अष्टमी के दिन सुबह हवन के समय दरबार में उपस्थित रहने को कहे

दशहरे दिनांक 24.10.2023 मंगलवार के दिन ज्वारे विसर्जन हेतु दरबार में सुबह 8:30 बजे तक आ जाए, यहां से 9:00 बजे हम सब निकल कर सोमवारा माता जी के मंदिर पर इकट्ठे होंगे और वहां से पैदल चलकर ज्वारो का विसर्जन करेंगे, कृपया विसर्जन जुलूस में दरबार के पीले कुर्ते अथवा महिलाएं पीली साड़ी या सलवार सूट में ही रहे कृपया जींस और टॉप पहनकर दरबार के विसर्जन जुलूस में साथ में ना चले

विसर्जन के पश्चात सभी दरबार वापस आएंगे, जहां पर माताजी आप सभी को सुख समृद्धि और स्वास्थ्य के आशीर्वाद स्वरुप ज्वारे वितरण करेंगे

माता जी के गोद भराई के माध्यम से आपके परिवार में संतान प्राप्ति होती है तो उसका मुंडन आपको दरबार में कराना होता है, यदि आपको दरबार में अपने बच्चों का मुंडन कराना है तो दशहरे के दिन सुबह 12:00 तक दरबार में आ जाएं और कृपया इस बारे में अधिक जानकारी के लिए अनिल आहूजा 9827253593 से संपर्क करें अष्टमी तथा दशहरे के कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है, यदि आप आने वाले हैं तो कृपया मुझे फोन करें ताकि हम आपके लिए अनुकूल व्यवस्था बना सके??

यह नवरात्रि हम सभी के जीवन में शुभ और मंगलमय हो इसी कामना के साथ जय माताजी??

**अरविंद जैन**

# इन चुनावों में विरोधियों से नहीं अपनों से जूझते दल

**- ललित गर्ग -**

पांच राज्यों के चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रत्तर होती जा रही है, चुनाव प्रचार अब धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रहा है। विशेषतः राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में सत्ता के दावेदारों में लोक-लुभावन वादों एवं रेवड़ियां बांटने की होड़ लगी हुई है। येन-केन-प्रकारेण सत्ता हथियाना इन चुनावों का चरम लक्ष्य है। इन तीनों ही प्रांतों में चुनावों की सबसे खास बात यह है कि इन राज्यों में कांग्रेस पार्टी एवं भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। जैसे-जैसे उम्मीदवारों की सूचियां सामने आ रही है, विरोध का स्वर उभर रहे हैं, उग्र विरोध को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि इन चुनावों में परायों से अधिक डर इस बार 'अपनों' का चुनौती बनेगा।

वर्ष 2023 के ये चुनाव अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण बन रहे हैं। जटिल से जटिलतर होते हालातों एवं राजनीतिक परिदृश्यों में यह स्पष्ट हो रहा है कि इन राज्यों के ये चुनाव लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल बन रहा है। जबकि मतदाताओं के सामने राज्य व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग विचार व अवधारणाएं होती हैं। दोनों ही प्रमुख पार्टियां मतदाताओं को लुभाने एवं उनकी मानसिकता को समझते हुए चुनावी मुद्दों को उछाल रही है। कांग्रेस पार्टी का अलग-अलग राज्यों का क्षेत्रीय नेतृत्व वे मुद्दे उठा रहा है जिनसे राज्यों के लोग ज्यादा से ज्यादा जुड़ें जबकि भाजपा की कोशिश है कि राज्यों के मुद्दों को केन्द्र में रखते हुए राष्ट्रीय विकास को मतदाताओं के सामने रखा जाये। भाजपा का मुख्य जोर विकास कार्यों एवं राष्ट्र विकास की योजनाओं पर है। दोनों पार्टियों में एक और मूलभूत अन्तर है कि भाजपा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव अभियान को गति दे रहा है, वहीं कांग्रेस क्षेत्रीय नेताओं को आगे कर रही है। जहां तक चुनावों में जा रहे तेलंगाना व मिजोरम राज्यों का सवाल है तो इनमें भी कांग्रेस पार्टी इन राज्यों की जरूरत के मुताबिक अपना विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है और भारत राष्ट्र समिति व मिजो नेशनल फ्रंट पार्टियों के सामने कड़ी चुनौती पेश करना चाहती है।

भाजपा इन चुनावों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्राथमिकता दे रही है। भाजपा ने टिकट वितरण में इस बार तीनों राज्यों के क्षत्रपों की जगह भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय संगठन और संघ की राय को महत्त्व दिया है। भाजपा ने जीत को सुनिश्चित करने के लिये अनेक मोर्चों एवं स्तरों पर कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया है, एक और बड़ा बदलाव उम्मीदवारों के चयन में पार्टी ने यह किया है कि पहली बार पार्टी ने बड़ी संख्या में सांसदों पर दांव खेला। कई सांसदों को न चाहते हुए भी विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है। जारी हुई सूचियों में अनेक विधायकों के टिकट कट गये हैं जिससे पार्टी में बगावत के स्वरों एवं तेवरों की तीव्रता सामने आई है, जो आलाकमान की चिन्ताओं को बढ़ा रहा है। सभी टिकट घोषित होने के बाद असंतोष के सुर तेज होने की व्यापक संभावनाओं को देखते हुए राजस्थान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तो मध्यप्रदेश में गृहमंत्री अमित शाह ने कमान संभालते हुए नाराजगी को दूर करने का बीड़ा उठाया है। राज्य स्तर पर बगावती स्वरों से उत्पन्न नुकसान को नियंत्रित करने के लिये टीम बनाई गई है। चूंकि प्रत्याशी चयन में संघ की भूमिका रही है इसलिए पर्दे के पीछे बगावत को शांत करने का जिम्मा भी संघ को सौंपा गया है।



कांग्रेस पार्टी भी लगभग ऐसी ही चुनौतियों से जूझ रही है। उसके सामने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता को दोहराने एवं मध्यप्रदेश में भाजपा को पछाड़ने की पूरी आस है, आशा एवं संभावनाभरे इन परिदृश्यों में उसे भी लग रहा है कि विरोधियों से मुकाबले में 'अपनों' से जूझने की समस्या है। कांग्रेस ने क्षेत्रीय नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी है एवं स्थानीय मुद्दों को आगे किया है। टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों के उग्र तेवर से कांग्रेस आलाकमान भी सकते में है। प्रश्न है कि नाराज कार्यकर्ताओं का असली विरोध चुनावी रणक्षेत्र में क्या रंग दिखाता है। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के सामने विरोधियों से ज्यादा अपनो का खतरा मंडरा रहा है। अक्सर चुनावों में इन स्थितियों का परिणामों पर सीधा असर पड़ता रहा है। जो भी चुनाव परिणाम आयेंगे उनसे कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही पार्टियों का भविष्य सीधे अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से बंध जायेगा। उत्तर भारत के हिन्दी क्षेत्र के लिये भाजपा ही सर्वप्रिय पार्टी मानी जाती है। इन राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ माने जाते हैं। इन तीनों ही राज्यों में इस बार व्यापक फेरबदल की संभावनाएं स्पष्ट दिखाई दे रही है। भले ही पिछले 2018 के चुनावों में भी ऐसा ही उलटफेर हुआ हो और कांग्रेस ने तीनों ही राज्यों में सरकारें बनाई थीं मगर कुछ महीने बाद ही हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था। भारत के राजनीति में कुछ भी निश्चित नहीं कहा जा सकता, विशेषतः मतदाताओं के बदलते मिजाज के बारे में कोई आकलन नहीं किया जा सकता है। विधानसभा में जीत दिलाने वाले मतदाता लोकसभा चुनावों में हार का सेहरा बांध देते हैं।

कांग्रेस पार्टी भाजपा की चुनावी रणनीतियों पर गहरी नजरे गढ़ाए हुए है। कुछ मामलों में वह भाजपा की नीतियों को अपनाने में भी कोई हर्ज नहीं मान रही है। कतिपय मामलों में कांग्रेस पार्टी भी इन राज्यों के चुनावों को क्षेत्रीय के साथ-साथ राष्ट्रीय मुद्दों को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। पांच राज्यों के ये चुनाव वास्तव में असाधारण चुनाव हैं क्योंकि राजस्थान व छत्तीसगढ़ में सत्ता पर काबिज कांग्रेस को अपने पिछले पांच सालों के काम के बूते पर जनता का मत एवं मन जीतना है और मध्यप्रदेश में यही काम भाजपा को करना है। जिस प्रकार इन तीनों राज्यों की सरकारों ने जनकल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं, लोकलुभावन घोषणां एवं मुफ्त की रेवडियां बांटी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव की आहट के साथ बहुत सी ऐसी योजनाएं शुरू की हैं जिनसे गरीब व कम आय वाले लोगों के साथ किसानों को भी लाभ पहुंचा है। लेकिन मूलभूत प्रश्न है कि चुनाव से ठीक पहले ही सत्ताधारी दलों को जन-कल्याण की चिन्ता क्यों सताने लगती है? प्रश्न है कि लोक कल्याणकारी राज के सिद्धान्त के अनुरूप गरीब वर्गों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा का ढांचा खड़ा करने की वैधानिक व्यवस्था ये राजनीतिक दल क्यों नहीं करते? राजस्थान में गहलोत सरकार ने अपनी कुछ जनकल्याण की योजनाओं को कानूनी जामा भी पहनाया है परन्तु शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में जन उपकारी योजनाओं को वह कानूनी रूप में देखना चाहते हैं। बात केवल राजस्थान की नहीं है, सभी प्रांतों एवं केन्द्र में ऐसी व्यवस्था बननी ही चाहिए और ऐसे ही मुद्दें चुनावी मुद्दें भी बनने चाहिए।

चुनावी मौसम में ही मुफ्त की रेवड़िया बांटना एवं लोकलुभावन वादों की होड़ लगाना क्या लोकतंत्र का मखौल नहीं है? मतदाता को ठगने एवं लुभाने की इन चेष्टाओं पर सुप्रीम कोर्ट एवं चुनाव आयोग अनेक बार चेता चुका है, लेकिन नसीहत देने से आगे बढ़कर कठोर कदम उठाने होंगे। कठोर कार्रवाई के अभाव में ही हमारा लोकतंत्र कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। विडम्बना है कि आज जनता की बुनियादी समस्याओं का हल एवं उसकी खुशहाली का रास्ता चुनावों से होकर नहीं जाता। हर चुनाव में आभास होता है कि अगर इन कांटों के बीच कोई पगडण्डी नहीं निकली तो लोकतंत्र का चलना दूभर हो जाएगा। फिर भी कोई सारथि नहीं बनता। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल सही रूप में नहीं निभा रहा है। सारे ही दल एक जैसे हैं यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। सभी दल राजनीति नहीं, स्वार्थ नीति चला रहे हैं। क्या पांच राज्यों के चुनाव एक बार फिर इसी स्वार्थ-नीति के शिकार होंगे? मतदाता को जागना होगा।

# पराली प्रदूषणः कम अवधि में पकने वाली किस्में ही विकल्प

**-राकेश दुबे**

देश में चावल उत्पादक अधिकांश किसान धान की पराली को जलाते हैं,वो दिन आ गए हैं, जब गंभीर वायु प्रदूषण होगा। इसी कारण भारत के घनी आबादी व औद्योगिक घनत्व वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अक्तूबर-नवम्बर महीनों में वायु की गति कम होने और ठंडी हवा आने के साथ वायु प्रदूषण समस्या हमेशा गंभीर हो जाती है। इसके समाधान के लिए केन्द्र और राज्य सरकारें वर्षों से हजारों करोड़ रुपये व्यय करती आ रही हैं लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

देश के उत्तर पश्चिम मैदानी क्षेत्र में हरित क्रांति के दौर में (1967-1975) नीति-नियंताओं द्वारा प्रायोजित धान-गेहूं फसल चक्र ने पिछले पांच दशकों से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और लगभग एक लाख करोड़ रुपये वार्षिक निर्यात को तो सुनिश्चित किया, लेकिन भूजल बर्बादी, पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्या को बढ़ाया। फसल विविधीकरण के सभी सरकारी प्रयासों के बावजूद धान-गेहूं फसल चक्र पंजाब, हरियाणा व पश्चिम उत्तर प्रदेश आदि में लगभग 70 लाख हेक्टेयर भूमि पर अपनाया जा रहा है। इस क्षेत्र में मौसम इनके अनुकूल है वहीं गन्ने की खेती के अलावा धान-गेहूं किसानों के लिए ज्यादा फायदेमंद है।

उत्तर पश्चिम भारत के प्रदेशों में धान-गेहूं फसल चक्र में लगभग 40 क्विंटल फसल अवशेष प्रति एकड़ पैदा होते हैं जिसमें से आधे यानी 20 क्विंटल गेहूं भूसे का प्रबंधन खास समस्या नहीं है, क्योंकि पशुचारे के रूप में भूसा उपयोगी है वहीं अगली फसल बुआई की तैयारी के लिए करीब 50-60 दिन मिलने के कारण किसान भूसे का प्रबंधन आसानी से कर लेते हैं। लेकिन बाकी आधे फसल अवशेष यानी धान पराली का प्रबंधन किसानों के लिए गंभीर समस्या है क्योंकि पराली आमतौर पर चारे के लिए उपयोगी नहीं। वहीं अगली फसल की बुआई की तैयारी में 20 दिन से भी कम समय मिलता है। ऐसे में, धान कटाई के बाद पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भारी मात्रा में किसान पराली जलाते हैं। ज़िससे अक्तूबर-नवंबर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित जम्मू से कोलकाता तक बड़े क्षेत्र में वायु प्रदूषण समस्या पैदा होती है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है।

पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश सरकारें व वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग, किसानों पर जुर्माना लगाने, बायो-डीकंपोजर से पराली गलाने, जैसे प्रयास कर रही हैं ज़िनके अभी तक सार्थक परिणाम नहीं मिले। पूसा डीकंपोजर के प्रायोजक पूसा संस्थान का मानना है कि डीकंपोजर घोल के छिड़काव से 25 दिन बाद पराली कुछ नरम तो होती है, लेकिन इसे पूरी गलने के लिए करीब 50 दिन चाहिए और बायो-डीकंपोजर मशीनों से पराली प्रबंधन का विकल्प नहीं बन सकता है। वहीं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किये गये अनुसंधान बताते हैं कि बायो-डीकंपोजर छिड़काव से खास लाभ नहीं जबकि गहरी जुताई कर पराली भूमि में दबाने और खेत में नमी बनाए रखने से, बिना बायो-डीकंपोजर भी पराली 7 सप्ताह में ही गल जाती है।

धान पराली व फसल अवशेष प्रबंधन पर सभी अनुसंधान और तकनीकी रिपोर्ट एकमत हैं कि मशीनों द्वारा फसल अवशेषों को खेत से बाहर निकाल कर उद्योगों में इस्तेमाल करना सर्वोत्तम समाधान है जैसा कि अमेरिका आदि देशों में हो रहा है, लेकिन भारत में छोटी जोत होने से किसान भारी मशीनें नहीं ख़रीद सकते हैं। ऐसे में पराली को भूमि में मिलाना ही व्यावहारिक उपाय है। यह तभी सम्भव है जब पराली को दबाने और गलाने के लिए 45-50 दिन मिल सकें।

कृषि वैज्ञानिकों और नीतिकारों को उत्तर पश्चिम भारत के लिए, धान की खेती के लिए किसान और पर्यावरण हितैषी नयी तकनीक और बुआई कलेंडर आदि विकसित करने होंगे। ऐसे में धान की सीधी बिजाई पद्धति में कम अवधि वाली किस्में कारगर समाधान है।

धान कटाई के बाद रबी फसलों गेहूं, सरसों आदि की बुआई की तैयारी के लिए कम समय मिलने के कारण ही किसान मजबूरन पराली जलाते हैं। इसके लिए धान की सीधी बिजाई पद्धति में कम अवधि वाली धान किस्मों (पीआर-126, पीबी-1509 आदि) को प्रोत्साहन एक कारगर उपाय साबित होगा। वहीं लम्बी अवधि वाली किस्मों पर प्रतिबंध ज़रूरी है। ज़िसमें धान की बुआई 20 मई से शुरू हो कर कटाई 30 सितम्बर तक हो जाती है। रोपाई के बजाय सीधी बिजाई में धान की सभी किस्में 10 दिन जल्दी पक जाती हैं। ऐसे में गेहूं की बुआई से पहले किसान को लगभग 45-50 दिन धान पराली प्रबंधन के लिए मिलते हैं। जिसका सदुपयोग करके फसल चक्र के बीच हरी खाद के लिए ढेंचा, मूंग आदि उगा सकते हैं। इससे पराली जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण में कमी आयेगी, भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता भी कम होगी।

# ग्लैमर की चाकलेटी दुनिया में भीड़ में खो जाने वाला चेहरा!

**हेमंत पाल**

ये करीब 12 साल पुरानी बात है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा अपनी फिल्म 'तीन थे भाई' का प्रमोशन करने इंदौर आए थे। उनके साथ ओम पुरी भी थे। मेरे से ओम पुरी का परिचय पुराना था, तो मैंने उनसे अखबार के दफ्तर आने का अनुरोध किया। करीब एक घंटे बाद दफ्तर के गेट पर हल्ला हुआ, तो पता चला कि ओम पुरी फिल्म के कई कलाकारों के साथ पहुंच गए। मेरे लिए आश्चर्य वाली बात थी, कि ओम पुरी जैसा बड़ा अभिनेता मेरे सामान्य से अनुरोध पर बिना किसी औपचारिकता के सीधे दफ्तर पहुंच गया। मैंने उनका स्वागत करते हुए कहा कि आप सूचना तो देते, मैं आ जाता आपको लेने! ज्तो उनका जवाब था 'आपने बुलाया तो कैसी औपचारिकता, दिल किया तो आ गया!' ये छोटी सी घटना बताती है कि ये अभिनेता रिश्तों को लेकर कितने सहज थे। कोई दंभ नहीं कि मैं बड़ा कलाकार हूं। जब एक साथी ने उनसे सवाल किया कि आपको एक्टिंग करने की जरूरत ही क्या, आप तो आवाज से ही अदाकारी कर लेते हैं! इस पर ओम पुरी का जवाब था 'मेरा चेहरा ऐसा है कि उससे तो कोई प्रभावित नहीं होगा! इसलिए आवाज के दम से ही अपनी अदाकारी जिंदा है।' ये प्रसंग बताता है कि ओम पुरी सिर्फ बेहतरीन कलाकार ही नहीं, अच्छे इंसान भी थे। उनकी सहजता और जमीन से जुड़े से होने से लगता है कि वे परदे पर भी एक्टिंग नहीं करते रहे। वे अंदर से ऐसे ही थे। भीड़ में खो जाने वाला आम आदमी का ऐसा चेहरा जो आसपास कहीं भी हमेशा नजर आ जाता है।

अपनी अनोखी अदाकारी का लोहा मनवाने वाले ओम पुरी का जन्म 18 अक्तूबर, 1950 को अंबाला में हुआ था। उनका असल नाम ओम प्रकाश पुरी था। बेशक उनकी जन्म की तारीख 18 अक्टूबर दर्ज हो, पर उन्हें भी इसका पता बरसों बाद चला। ओम पुरी के परिवार के पास उनके जन्म का कोई प्रमाण पत्र नहीं था और न किसी को उनकी जन्म तिथि याद थी। उनकी मां ने किसी को बताया था कि वे दशहरा से दो दिन पहले पैदा हुए थे। जब वो स्कूल जाने लगे, तो उनके मामा ने जन्म तारीख 9 मार्च, 1950 लिखवा दी। लेकिन, जब वे मुंबई आए, तो उन्होंने पता किया कि साल 1950 में दशहरा कब मना था! उस हिसाब से उन्होंने खुद की जन्म तारीख 18 अक्टूबर तय कर ली, और यही उनके साथ बाकी जीवन में बनी रही।

वे सिर्फ सिनेमा और टीवी के ही अच्छे कलाकार नहीं थे, जिन लोगों ने थियेटर में उनकी अदाकारी देखी है, वे जानते हैं कि एक्टिंग में उनकी जीवंतता का स्तर क्या था। उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत 1976 में मराठी फिल्म 'घासीराम कोतवाल' से की। इसके बाद गोविंद निहलानी की फिल्म 'आक्रोश' (1980) में पहली बार हिंदी फिल्म में काम करने का मौका मिला। लेकिन, 1983 में आई फिल्म 'अर्ध सत्य' से वे लोगों की निगाह में चढ़े। गुस्से से भरे पुलिसवाले वेलणकर के किरदार में उन्होंने जान डाल दी थी। साल 1988 में दूरदर्शन के चर्चित सीरियल 'भारत एक खोज' में उन्होंने कई किरदार निभाए। मिर्च मसाला, जाने भी दो यारो, चाची 420, हेरा फेरी, मालामाल वीकली, स्पर्श, कलयुग, गांधी, जाने भी दो यारो, आरोहण, मंडी, पार और 'सिटी ऑफ जॉय' जैसी कई फिल्मों में काम किया। हमेशा अलग तरह के किरदारों में दिखाई दिए। लेकिन, श्याम बेनेगल की 'आरोहण' और गोविंद निहलानी की 'अर्धसत्य' ने उन्हें शोहरत के के आसमान पर पहुंचा दिया था। इन दोनों फिल्मों के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' भी मिला। ओम पुरी ने भारतीय भाषाओं की फिल्मों के अलावा 20 से ज्यादा हॉलीवुड फिल्मों में काम किया। जाने-माने निर्देशक रिचर्ड एटनबरो की फिल्म 'गांधी' में भी उन्होंने भूमिका निभाई। वर्ष 1990 में इस बेहतरीन अभिनेता को भारत सरकार ने 'पद्मश्री' से सम्मानित किया था।



ओम पुरी का बचपन काफी गरीबी में बीता। लंबे संघर्ष के बाद ही उन्होंने सफलता का मुकाम हासिल किया। पंजाबी परिवार में जन्में ओम पुरी के पिता रेलवे में मुलाजिम थे। जब वे 6 साल के थे, विषम पारिवारिक स्थिति में परिवार बेघर हो गया। ओम पुरी के भाई वेद प्रकाश पुरी ने जीवन का संघर्ष शुरू कर दिया। छह साल की उम्र में ओम को भी चाय की दुकान पर काम करना पड़ा। वे रेलवे ट्रैक से कोयला भी बीना करते थे, ताकि घर वालों को दो वक़्त की रोटी मिल सके।

पिता ने आर्थिक तंगी के कारण ओम पुरी को पढ़ने के लिए उनके मामा के पास (सनौर) पटियाला भेज दिया। लेकिन, वहां भी घरेलू हालात कुछ ऐसे बने कि उन्हें मामा के यहां से अलग होना पड़ा। कोई ठिकाना नहीं था, तो स्कूल के चौकीदार ने ओम को स्कूल में ही रख लिया। कुछ दिनों बाद हेडमास्टर को पता चला तो ओम की मदद करने के लिए उन्हें छोटे बच्चों की ट्यूशन दिला दी। इस तरह उन्होंने 10वीं पास कर ली। बड़े हुए तो एक वकील के यहां नौकरी करने लगे थे और उसी दौरान उनका परिचय प्रसिद्ध नाटककार हरपाल टिवाना से हुआ। लेकिन, जब उनके नाटकों में काम करने से वकील की नौकरी में अड़चन आने लगी तो वो नौकरी छूट गई। फिर खालसा कॉलेज के नाटक प्रेमी प्रिंसीपल की मदद से कॉलेज में नौकरी की। कुछ दिनों बाद उन्हें 'पंजाब कला मंच' में नौकरी मिल गई और यहीं से उनको 'नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा' में जाने का रास्ता भी मिला। नसीरुद्दीन शाह, जो उनके दोस्त थे, उन्होंने ओम पुरी को पुणे में इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट में काफी मदद की। नसीरुद्दीन के अलावा अमरीश पुरी भी उनके अच्छे दोस्त थे। लेकिन, दोनों में भाई का रिश्ता नहीं था, जो लोग समझते रहे।

ओम पुरी बेहद बेबाक थे और अपनी इस आदत का उन्हें खमियाजा भी भुगतना पड़ा। उन्हें अपने जीवन के सीक्रेट्स बताने में भी कभी कोई संकोच नहीं होता था। इस वजह से उनके नाम के साथ कुछ विवाद भी जुड़े। लेकिन, वे अपनी ही पत्नी नंदिता पुरी की कलम का सबसे ज्यादा शिकार हुए। जबकि, नंदिता पुरी ने उन किस्सों को अपनी लेखकीय स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हुए उन्हें ओम पुरी की बायोग्राफी 'अनलाइकली हीरो - ओम पुरी' में सबके सामने परोस दिया। जब 2009 में उनकी बायोग्राफी छपी, तो ओम पुरी की जिंदगी में भूचाल सा आ गया। इस किताब के बाद ओम पुरी और नंदिता के रिश्ते सामान्य नहीं रहे। बाद में दोनों अलग भी हो गए। वे जितना फिल्मों के कारण चर्चा में रहे, उतना ही अपने निजी जीवन के खुलेपन को लेकर भी ख़बरों और गॉसिप में छाए रहे। उन्होंने 1991 में सीमा कपूर से पहली शादी की थी। लेकिन, ये शादी आठ महीने ही चली।

उनकी बेबाकी से वे कई बार सार्वजनिक विवादों में भी उलझे। दिल्ली में जब रामलीला मैदान में अन्ना हजारे का आंदोलन चल रहा था, मंच से उन्होंने नेताओं के बारे में हजारों लोगों की भीड़ के सामने कहा था कि जब आईएएस और आईपीएस ऑफिसर गंवार नेताओं को सलाम करते हैं, तो मुझे शर्म आती है। इस बयान के बाद जब विवाद बढ़ा तो खेद व्यक्त करने के बाद मामला शांत हुआ। उन्होंने यह भी कहा था कि मैं संसद और संविधान की इज्जत करता हूं। मुझे अपने भारतीय होने पर भी गर्व है। एक और मामला हुआ जब वे बेवजह विवाद में आए थे। एक टीवी बहस में ओम पुरी ने भारतीय जवानों के सरहद पर मारे जाने के बारे में कुछ टिप्पणी कर दी थी! हालांकि इस मामले में भी उन्होंने शहीद सैनिकों के परिवारों से माफी मांग ली थी।

छह जनवरी 2017 को ओम पुरी का 66 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया। कहा जाता है कि उन्हें अपनी मौत के बारे में भी अहसास था। एक बार उन्होंने कहा था कि मेरी मौत अचानक होगी। मौत का किसी को पता नहीं चलेगा। सोए-सोए चल देंगे। सबको पता चलेगा कि ओम पुरी का सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर निधन हो गया। हुआ भी कुछ ऐसा ही था। ओम पुरी का शव उनके घर में मिला। डॉक्टरों ने वजह दिल का दौरा पड़ना बताई। मौत से पहले की शाम ओम पुरी 'राम भजन जिंदाबाद' फिल्म के निर्माता खालिद किदवई के साथ थे। उन्होंने मौत से पहले बिताई शाम के बारे में बताया था ङ्क'वे अपने बेटे को लेकर काफी भावुक थे। उस शाम भी वे बेटे से मिलना चाहते थे, पर नहीं मिल सके। जाते समय गले मिले। उसके बाद मैं कार से घर चला आया। जब कार पार्क की, तो देखा कि सीट के नीचे ओम पुरी का पर्स पड़ा था। मैंने सोचा कि अब रात को 12 बजे क्या फोन करना, सुबह उन्हें बता दूंगा। सुबह साढ़े 6 बजे फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिलने पर मैंने उनके ड्राइवर को फोन करके कहा कि ओम जी का पर्स ले जाना। आठ बजे के करीब उनके ड्राइवर का फोन आया जिसने मुझे उनके निधन की सूचना दी। उनका पर्स अभी मेरे पास निशानी के तौर पर रखा है। उनकी मौत की जिस तरह सूचना मिली, उससे लगता है कि कहीं सही में उनकी मौत 7.22 पर ही तो नहीं हुई!'

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्पलेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# टिकट नहीं मिलने से कांग्रेस मैं घमासान चुनाव से पहले समर्थकों में दो फाड़ होने का खतरा



बैरसिया नवरात्रि के पहले दिन जब कांग्रेस ने अपनी सूची जारी करी उसमें अपना नाम नहीं होने से बैरसिया विधानसभा में कांग्रेस के राम मेहर पार्टी से नाराज दिखाई दे रहे हैं इसके चलते शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ बैरसिया से दर्जनों गाड़ियों से भोपाल पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बंगले पर पहुंचकर अपना विरोध जताया ऐसे में कांग्रेस के समर्थकों के बीच दो फाड का खतरा मंडरा रहा है कांग्रेस ने जब अपनी पहली सूची में जय श्री हरीकरण को टिकट दिया तो कांग्रेस में आधे से ज्यादा नेताओं में अपने नेता को टिकट नहीं मिलने से नाराजगी देखने को मिल रही है वही जब कांग्रेस ने अपने कार्यालय का उद्घाटन प्रत्याशी के साथ किया तो कार्यालय में खाली कुर्सियों इस नाराजगी को जग जाहिर करती है वहीं कांग्रेस ने दोबारा से विधानसभा सीट पर पिछले चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय कांग्रेस को भारी पड़ता नजर आ रहा है ऐसे में राम मेहर अपने समर्थकों के साथ पार्टी से बगावत कर सकते हैं ऐसे में अगर बगावत हुई तो पार्टी को चुनाव में बहुत बड़ा नुकसान हो सकता है वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार चार बार हार का मुंह देख चुकी है जिसके चलते कांग्रेस पार्टी का 20 सालों से चुनाव जीतने का प्रयास धरा के धरा ना रह जाए

# भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने किया कई गांवों में जनसंपर्क



नवीन बत्रा बैरसिया। भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान विधायक विष्णु खत्री ने शुक्रवार को भोपाल- बैरसिया रोड स्थित कई गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उनका सभी गांवों में जगह-जगह स्वागत किया। उन्होंने रतुआ, पोलशगंज, दिल्लोद, रुस्सली और भैसखेड़ा सहित अनेक गांवों में पहुंच कर मतदाताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कोई गांव नहीं बचा जहाँ सड़क न हो। भाजपा सरकार में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने भोपाल रोड के आसपास के बनी सड़कों की मतदाताओं को जानकरी देते हुए बताया कि पिपलिया जुनारदेव मार्ग, कोटरा चोपड़ा गांव तक मार्ग, गोलखेड़ी से सूखा निपानिया मार्ग, कलारा से बदरखा मार्ग, खादमपुर गांव मार्ग, पारदी गांव मार्ग, हर्राखेड़ा से इजगिरि जोड़ तक मार्ग, धमर्रा से महोली मार्ग, कुठार से कुटकीपुरा, ईंटखेड़ी से रासलाखेड़ी मार्ग,सोनकच्छ से पीपलखेड़ी मार्ग, निपानिया जाट से रुस्सली मार्ग, काछी बरखेड़ा से सगोनी मार्ग सहित अनेक सड़कों का निर्माण सिर्फ बैरसिया-भोपाल रोड के आसपास कराया है।

# बॉबी तिवारी को गांधी स्मारक में दी श्रद्धांजलि



छतरपुर। युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष और गांधी स्मारक से जुड़े बॉबी तिवारी के आकस्मिक निधन पर आज गांधी स्मारक में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर गांधी स्मारक की दमयंती पाणी ने बॉबी तिवारी को एक अच्छा इंसान बताते हुए कहा कि वे गांधी स्मारक से जुड़कर उसमें पूरी तन्मयता से सहयोगी की भूमिका निभा रहे थे। लेकिन अचानक उनका आकस्मिक निधन होना हम सबको दुखी कर गया। सभी ने दो मिनिट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# पीओ और पी1 के प्रशिक्षण में अनुपस्थित 6 कर्मचारियों पर होगी निलंबन की कार्यवाही

छतरपुर, । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने बुधवार को छतरपुर शहर के शासकीय विद्यालय क्रमांक 1 में चले रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले 6 अधिकारी कर्मचारी पर निलंबन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही जो चिकित्सीय अवकाश पर है उनको मेडिकल बोर्ड का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया गया है।

# सरपंच सचिव सहायक सचिव की मिलीभगत अवैध मुरम खुदाई कर बांदकपुर चौराहे से दमोह रोड पर बन रही कालोनी मै डाली जा रही मुरूम




दमोह जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गुंजी बन रहे परकुलेशन टेंक खुदाई कर बांदकपुर क्षेत्र मे जमकर अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है जबकि ग्राम वासियों द्वारा जिले के संबंधित अधिकारियों को फोन पर सूचना देने के बाद भी अवैध खनन कारोबारियों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि कुछ अलग ही कार्यप्रणाली की ओर इशारा कर रही है।

जानकारी के अनुसार बांदकपुर स्टेशन चौराहे के पास दमोह रोड एक रेस्टोरेंट के सामने निजी एक कालोनी मे प्लाट काटने हेतु मुरम सा समतली करण का कार्य किया जा रहे हैं जिसमें ग्राम पंचायत गुंजी मे नोनपानी रोड के बाजू से अवैध उत्खनन करके सैकड़ों डंफर अवैध मुरम का इस्तेमाल किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के कुछ जागरूक लोगों द्वारा सरकारी जमीन से इस अवैध मुरम उत्खनन और अवैध व्यवसायिक इस्तेमाल पर जिले के संबंधित अधिकारियों को फोन पर सूचित किया गया परन्तु कोई कार्रवाई ना होती देख मुख्यमंत्री शिकायत निवारण 181 पर भी शिकायत की गयी है। ग्रामवासियों का कहना है कि उक्त सरकारी जमीन से जेसीबी और डंपरों के द्वारा की जा रही अवैध मुरम उत्खनन में ग्राम पंचायत सरपंच और जिले उत्खनन कर्ता की बडी भूमिका है जो जेसीबी और डंपरों से अवैध मुरम उत्खनन कर कालोनी बनाने वालों को बेच रहे है साथ ही मुरम खोदने के बाद हुए गड्ढे पर फर्जी मजदूरी डालकर परकुलेशन टेंक का फर्जी पैसा भी निकाले जा सकते है। अब देखना होगा इस अवैध मुरम उत्खनन का मामला सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारी सरकार को हो रहे लाखों के रायल्टी नुकसान की बसूली कराते है यह फिर इसी तरह उत्खनन चलता रहेगा।

# भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल



औबेदुल्लागंज मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर चुनावी सरगर्मियों का माहौल प्रत्याशियों के नामों के साथ गर्म होता जा रहा है। जैसे जैसे दोनो राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों की सूची जारी हो रही है वैसे वैसे जनता का रुख समय समय पर बदलता नजर आ रहा है। अभी कांग्रेस की पहली सूची में 144 ओर दूसरी लिस्ट में 88 उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की है। कांग्रेस की दूसरी सूची के 52 नंबर पर 141 भोजपुर विधानसभा में राजकुमार पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया है।

भोजपुर विधानसभा में इस बार कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल के नाम पर लगाई मुहर

भोजपुर विधानसभा में कांग्रेस के राजकुमार पटेल जो कि पूर्व में शिक्षा मंत्री भी रह चुके है। अपना प्रत्याशी बनाकर भोजपुर विधानसभा से चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओ में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओ ने फूलमाला एवं मिठाई खिलाकर किया स्वागत। नए जोश के साथ नए चेहरे को इस बार कांग्रेस कार्यकर्ता इस बदलाव को सत्ता परिवर्तन की नजर से देख रहे है। और वहीं बीजेपी का नाम घोषित न होने पर कांग्रेस में भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं नगर की जनता में भी बीजेपी प्रत्यासी को लेकर राजनैतिक समीकरण पर अपना अपना गणित बिठाकर अनुमान लगा रहे है। कुछ दल नए क्षेत्रीय उम्मीदवार का दावा कर रहे है। तो कुछ रिपीट होना तय है बता रहे है। ख़बर लिखने तक भारतीय जनता पार्टी ने भोजपुर विधानसभा में अभी तक अपना प्रत्याशी का नाम घोषित नहीं किया। बीजेपी किसे बनाएगी अपना उम्मीदवार ! आला कमान कर रहे मंथन ! वैसे आज कल में बीजेपी कर सकती प्रत्याशी का नाम घोषित।

### लाइफ केयर मलटिस्पेशलिटी हॉस्पिटल की टीम द्वारा

# मौत के मुह से खीची जिंदगी मरीज को दिया नया जीवन दान



धार। गंभीर हालत और अन्य बीमारियो के बावजूद नॉर्मल डिलीवरी लाइफ केयर हॉस्पिटल धार में हुई। पहले के चार अबॉर्शन प्लेटेट ओर ब्लड की कमी काउंट , अधिक बड़े होने के कारण सरदारपुर से इन्दौर रेफर की ज़ सलाह डॉ नीरज कुमार बागडे की टीम के द्वारा धार में ही किया गया सफल लाइफ केयर हॉस्पिटल धार में शनिवार को गर्भावस्था का में नॉर्मल डिलीवरी हुई। मरीज़ को पूर्व में 4 बार ओबर्शन थे जिसे मरीज सविता पति संभू के द्वारा फुलगावड़ी से सरकारी हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया जहा मरीज सविता बाई गर्भावस्था पूर्ण होने प्लेटट (70 हजार) की कमी सिकलसेल की बीमारी रक्त की कमी (8 यूनिट) पर धार भोज हॉस्पिटल रेफर किया जहां मरीज के पति शंभू को आपातकालीन स्थिति में इंदौर रेफर करने की बात कहीं इस कंडीशन में मरीज के परिजनों द्वार डॉ नीरज बागड़े प्रसूति रोग विशेषज्ञ से संपर्क किया उनके द्वार लाइफ केयर हॉस्पिटल धार में मरीज को भर्ती किया गया हॉस्पिटल स्टॉफ और प्रबंधक के सहयोग से सविता बाई पति शंभू के पांचवें बच्चे की डिलीवरी नार्मल करवाई गई अब जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ है वही बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया मरीज के द्वारा अस्पताल और डॉक्टर से संतुष्ट होने के बाद दोनों का धन्यवाद किया

गंभीर हालत व अन्य बीमारियां होने के बावजूद एक गर्भवती महिला की लाइफ केयर हॉस्पिटल में सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई गई।

# भाजपा के 18 साल कुशासन के नाम रहेः आलोक चतुर्वेदी

### विधायक ने कहा जनता लाएगी बदलाव, सुधरेगी व्यवस्था





छतरपुर। छतरपुर के कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक आलोक चतुर्वेदी के द्वारा पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने के बाद निरंतर अपने क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बीते रोज शहर से लेकर गांव तक लगभग एक दर्जन स्थानों पर जन चौपालें लगाकर लोगों से संवाद किया एवं घर-घर जाकर कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने महर्षि स्कूल के समीप बीड़ी कॉलोनी, शिवनगर एवं कृष्णा कॉलोनी के साथ-साथ ग्राम नंदगांयकला, लक्ष्मनपुरा, आमखेरा और परापट्टी में लोगों से संवाद किया।इस अवसर पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के कुशासन से तंग आ चुकी है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, परीक्षाओं में घोटाले हो रहे हैं, नौकरियों में रिश्वतखोरी चल रही है, आम जनता छोटे-छोटे कामों के लिए परेशान है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने एक माफिया तंत्र स्थापित कर दिया है जिससे आम जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जनता इस बार बदलाव ला रही है। किसान खाद-बीज को लेकर हुई दिक्कतों को याद करके मतदान करेंगे। महिलाएं महंगाई और अत्याचार के मामलों का जवाब देंगी, युवा बेरोजगारी और घोटालों का हिसाब लेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही छतरपुर विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश के सबसे विकसित विधानसभा क्षेत्र के रूप में तब्दील करेंगे।

# भाजपा के राज ने बढ़ाया महिलाओं का सम्मान-सुरक्षाः ललिता यादव

### मातारानी के दरबार में महिलाओं के साथ देवी मां की आरती करके गाए देवी गीत



छतरपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने जनसंपर्क में छतरपुर के घुषयाना मोहल्ला सहित वार्ड क्रमांक 9, 11 और 12 सहित फूलादेवी मार्ग में सजे देवी दरबार और वार्ड 11 में सजे देवी दरबार में पूजा-अर्चना करके विजयश्री का आर्शीवाद मांगा।

भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने देवी पंडालों में महिलाओं से चर्चा करते हुए भाजपा द्वारा महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने, उनकी सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाई गई योजनाओं का जिक्र करके कहा कि भाजपा के राज में ही महिलाओं का सम्मान सुरक्षित है। जनसंपर्क में उन्होंने फूलादेवी मार्ग में सजे देवी दरबार और वार्ड 11 में सजे देवी दरबार में पूजा अर्चना करके आर्शीवाद मांगा है। यहां बडी संख्या में मौजूद महिलाओं ने उनका फूल मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। महिलाओं के साथ उन्होंने देवी मां की आरती की और गरबा उत्सव में शामिल हुईं। देवी दरबार में उन्होंने महिलाओं के बीच बैठकर ढोलक बजाकर देवीगीत भी गाए। उन्होंने नवरात्र पर सभी के लिए सुख समृद्धि की मंगल कामना करते हुए कहा नवरात्र पर्व हमारी आस्था-विश्वास के साथ भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने 30 साल पहले से नवरात्र पर मातारानी की आराधना का जिक्र करते हुए कहा मैं एक बहुत छोटे सामान्य परिवार से आती हूं। मैं भी देवी मां की भक्त हूं। तीन दशक पहले हर नवरात्र पर हम कुछ बहनें मिलकर थोडा बहुत चंदा एकत्र करके देवी मां की प्रतिमा रखकर पूरे नौ दिन उनकी आराधना करते थे। मातारानी की सच्चे मन से आराधना का फल है कि उनकी प्रेरणा से दूधनाथ मंदिर के पास देवी मां का मंदिर बनवा सकी। मां के आर्शीवाद ने ही मुझे आपकी सेवा करने के लायक बनाया है।

उन्होंने कहा कि आप लोगों ने आर्शीवाद देकर मुझे एक बार नगर पालिका अध्यक्ष और दो बार छतरपुर से विधायक बनाकर सेवा का मौका दिया है। तीन बार मिली जिम्मेदारी का मैने सही तरीके से निर्वहन कर समुचित विकास किया और सभी के सुखदुख में शामिल रही। इस बार भाजपा ने फिर मुझे टिकट देकर प्रत्याशी बनाकर आपके पास भेजा है। मैं आपसे निवेदन करती हूं कि 17 नवंबर को कमल के फूल के सामने का बटन दबाकर मुझे एक बार फिर अपना आर्शीवाद दें, जिससे में जनसेवक की तरह आपकी आपकी सेवा कर सकूं।

### भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताईं

जनसंपर्क के दौरान श्रीमती ललिता यादव ने एक सभा में सभी को भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री ने घर-घर शौचालय बनवाकर महिलाओं के सम्मान की सुरक्षा की। उज्जवला योजना से घर में चूल्हे के धुंए के बीच खाना बनाने की समस्या खत्म कर दी। अयोध्या में आराध्य रामलला का मंदिर मोदी सरकार में ही बना है। आयुष्मान योजना से 5 लाख तक फ्री इलाज की व्यवस्था की है। केन्द्र सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर 200 रूपये सस्ता कर दिया और प्रदेश सरकार ने भी लाडली बहनों को सस्ता सिलेंडर दिया है। उन्होंने कहा प्रदेश की शिवराज सरकार ने लाडली लक्ष्मी योजना से कन्यादान योजना तक बालिकाओं को सशक्त बनाया है। जरूरतमंद को घर की महिलाओं के नाम से आवास देकर समाज में महिलाओं का सम्मान बढाया है। हाल में लाडली लक्ष्मी योजना में जिले की 60 हजार बहनों के खातों में पहले 1000 फिर 1250 रूपये डालकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया है। अब जैसे ही भाजपा की सरकार बनेगी तो बहनों के खातों में 1500 से 3000 रूपये तक भेजने की योजना है। भाजपा सरकार ने ही अपराध के खिलाफ सख्त रवैया अपनाकर ऐसा माहौल बनाया कि महिलाएं सुरक्षा का अनुभव करके आराम से आ-जा रही हैं। संबल योजना से परिवार को सहारा दिया। उन्होंने 15 माह की कमलनाथ सरकार को महिला हित विरोधी सरकार बताया। उन्होंने कहा कमलनाथ की सरकार ने सबसे पहले महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं को बंद करने का काम किया था। लाडली लक्ष्मी योजना, कन्यादान योजना, संबल योजना और तीर्थ दर्शन योजना बंद कर दी, अब फिर से झूठे वादे करके कांग्रेस के कमलनाथ सत्ता में आए तो सबसे पहले महिलाओं के लिए चलाई जा रही हितकारी योजनाएं बंद कर देंगे, अपराध बढ जाएगा जिससे घर के बाहर महिलाओं के लिए असुरक्षा का माहौल बनेगा। इसलिए इस बार भी भाजपा के कमल निशान पर ही अपना वोट देकर पहले प्रदेश में और अगली बार देश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार को लाने के लिए मुझे पूरे विश्वास के साथ अपना आर्शीवाद दें। इस दौरान भाजपा के जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया और ब्रजेश राय, राकेश शुक्ला राधे, अन्नी सोनी, पंकज पहारिया, दीपू बुंदेला, वार्ड 9 के पार्षद सुशील सोनी, वार्ड 11 की पार्षद हिमानी घोष, नारायण घोष, वार्ड 12 से पार्षद आरती घोष, पार्षद दिलीप रैकवार, पूर्व पार्षद सुनील वर्मा और मोनू यादव सहित बडी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और वार्डवासी मौजूद थे।

### महिलाओं के साथ बैठकर बनाई बीड़ी

इस दौरान सबसे रोचक नजारा तब देखने को मिला जब भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने एक घर के आगे बीडी बना रही महिलाओं के पास चबूतरे पर बैठकर उसके साथ बीडी बनाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने हाथ जोडकर कहा कि मैं छोटे सामान्य परिवार से हूं। जब पढती थी तो मैने रोटी और पढाई के लिए बीडी बनाने का काम भी किया है, अब आपके आर्शीवाद से आपकी सेवा के लायक हुई हूं इसलिए मुझे आप विजयश्री का आर्शीवाद जरूर दें।

# मौसम विभाग बोला गिर सकता है मावठा, घुलेगी मौसम में ठंडक

सीहोर। जिले से मानसून भले ही अलविदा हो गया हो लेकिन एक बार फिर मौसम विभाग ने मौसम के करवट लेने की संभावना जताई है। मौसम विभाग की माने तो अगले एक दो दिनो में मावठा गिरने की संभावना निर्मित हो रही है।

जानकारी के अनुसार सीहोर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि आसमान पर बादल छा जाने के कारण रात्रि के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। यह तापमान कल जहां 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था ,वही आज 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात निर्मित हो रहा है। जिसके कारण आकाश में बादल छाना शुरू हो गए हैं। यदि क्लाउड एक्टिविटी ऐसी ही रही तो 20 अक्टूबर तक मावठा गिरने की संभावना है। ऐसे में किसानों को सलाह दी है कि इस समय किसी भी प्रकार की बोवनी किसान न करें अन्यथा फसल खराब होने की संभावना रहेगी।

### दिव्य शक्तियों के जयकारों से गूंज उठा ब्रह्माकुमारीज प्रांगण

# नवरात्रि का पर्व स्वयं में दिव्यता धारण करने का पर्व हैः बीके शैलजा



छतरपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय किशोर सागर के पावन प्रांगण में चैतन्य देवियों की अद्भुत झांकी सजाकर नवदुर्गा के आध्यात्मिक रहस्य को समझाया गया।

इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र संचालिका बीके शैलजा ने कहा कि भारतवर्ष में हम बहुत सारे त्यौहार मनाते हैं और हर एक त्यौहार अपने भारत की गरिमा, अपनी संस्कृति, सभ्यता को दर्शाता है। यहां मनाया जाने वाला हर उत्सव सभी को उमंग उत्साह से भर देता है और हर त्यौहार में किए जाने वाले विधि विधान हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। नवरात्रि का शुभ पावन पर्व जिसको हम बड़े उमंग उत्साह के साथ धूमधाम से और खुशियों के साथ मनाते हैं। यह देवी आराधना का पर्व अपने में दिव्यता धारण करने का पर्व है। देवी मां अर्थात वात्सल्य, शुद्ध सात्विक प्रेम, सर्व के प्रति समदृष्टि, शुभ संकल्प, सात्विक आहार, सद्गति का मार्ग दिखाने वाली जो हमें सिखाती हैं कि हमें भी सर्व आत्माओं के प्रति स्नेह करुणा और अपनेपन की भावना रखते हुए सबको एक सूत्र में बांधने का कार्य करना है और स्वयं को जगत अम्बा की भावना रखकर सर्व के प्रति कल्याण की शुभ भावना और कामना करना है और यही गुण हमें ममतामई मां से अपनाना है और अपने जीवन को दिव्य गुणों से श्रृंगारित करना है।

इस अनुपम चैतन्य झांकी को निहारने और दर्शन करने के लिए छतरपुर नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं समाजसेवी छतरपुर गैस एजेंसी से हरगोविंद गंधी, प्रेम नारायण रूसिया, साहित्यकार अवनींद्र खरे, सहित सभी श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अग्रवाल समाज की मातृशक्तियों के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुति रही। इस अवसर पर भाइयों ने भी अपनी भावना व्यक्त करने के लिए माता रानी के दरबार में डांडिया किया और सभी भक्तगण देवियों के दर्शन कर वरदानों से भरपूर हुए।

# चौंकाने वाला मामलाः मृत व्यक्ति के हाथ से जिला अस्पताल में गायब हो गई सोने की दो अंगूठी

सीहोर। जिला अस्पताल में जो हो जाए कम है। ऐसा ही चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जिला अस्पताल से एक मृत व्यक्ति के हाथ से दो सोने की अंगूठी चोरी हो गई। हैरत की बात ये है कि मृत व्यक्ति के परिजनों ने जब जिला अस्पताल के जिम्मेदारों से इस संबंध में शिकायत की तो अस्पताल प्रबंधन से जांच करना दूर की बात रही। उल्टे खाली हाथ ये कहकर लौटा दिया कि हम इस मामले में कुछ नहीं कर सकते हैं। मामला चार दिन पुराना है। परिजनों ने सदमे से लौटने के बाद पूरे मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है।

खजांची लाइन निवासी लखन गांधी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता सुरेन्द्र गांधी की 16 अक्टूबर तबीयत खराब होने पर वह पिता को लेकर जिला अस्पताल गए थे। उनके पिता की हालत ज्यादा खराब थी। जिला अस्पताल में इस दौरान डॉक्टरों ने चैकअप करने के बाद उनके पिता को मृत घोषित कर दिया। लखन ने पुलिस को बताया कि जिला अस्पताल ले जाते समय उनके पिता सुरेन्द्र गांधी हाथों में तीन सोने की अंगूठी और गले में सोने की चैन पहने हुए थे। जिला अस्पताल से जब घर लौटे तो उनके पिता के हाथों से दो सोने की अंगूठी गायब हो चुकी थी। हम इस तरह हुई चोरी की घटना से हैरान हो गए। घर में आए सदमे के बाद जब हमने इस संबंध में जिला अस्पताल में संपर्क किया तो वहां से उन्हें खाली हाथ लौटा दिया और अंगूठी चोरी की जांच व तहकीकात के संबंध में कुछ भी करने से मना कर दिया।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 1736/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023 भोपाल दिनांक 18/10/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कस्तूरबा नगर योजनांतर्गत भूखण्ड क्र.-94 सेक्टर-बी, श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल आ. स्व. श्री विद्या सागर अग्रवाल एवं श्रीमती सरोज अग्रवाल पत्नि स्व. श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल के संयुक्त नाम पर अंकित/आवंटित है। आवंटी श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 25/06/2019 एवं श्रीमती सरोज अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 07/11/2019 को हो जाने के कारण आवंटियों के वारिसगण क्रमशः श्री संजय अग्रवाल, श्रीमती रचना गुप्ता, श्रीमती मेहा अग्रवाल, श्रीमती रूचि अग्रवाल पुत्रगण/पुत्रीगण स्व. श्री राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ वांछित अभिलेख संलग्न कर उक्त भूखण्ड का संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। यदि उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी

# एचडीएफसी बैंक ने लॉन्च किया एक्सप्रेसवे: बैंक का सबसे तेज़ तरीका

मुंबई एजेंसी। भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने वाला एक डिजिटल प्लेटफॉर्म, एक्सप्रेसवे लॉन्च किया, जो ग्राहकों को बैंक तक पहुँच बनाने का सबसे तेज़ तरीके का अनुभव करने में सक्षम बनाता है। एक्सप्रेसवे सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें एक्सप्रेस पर्सनल लोन, एक्सप्रेस बिजनेस लोन, एक्सप्रेस कार लोन, एक्सप्रेस होम लोन, कार्ड्स पर एक्सप्रेस लोन, एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड, एक्सप्रेस सेविंग एकाउंट्स, सेवा यात्राएं और बहुत कुछ शामिल हैं, जो ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन उत्पादों और सेवाओं को मौजूदा और नए दोनों ग्राहकों के लिए तेज, निर्बाध, कागज रहित और स्वयं करें ग्राहक यात्रा प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। त्योहारी सीजन के दौरान लॉन्च करने के कारण यह और भी रोमांचक है क्योंकि यह वित्त तक पहुंच में अधिक आसानी के साथ त्योहारी सीज़न की खरीदारी के लिये ग्राहकों को इसमें शामिल होने के लिये भी अनुमति देता है। पराग राव, कंट्री हेड - पेमेंट्स, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर फाइनेंस एंड मार्केटिंग, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि, एक्सप्रेसवे एचडीएफसी बैंक की ग्राहक-केंद्रित नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो एक डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की पेशकश करता है जो हमारे ग्राहकों को तेज, कागज रहित और स्वयं-सेवा बैंकिंग के साथ सशक्त बनाता है। जैसा कि हम त्योहारी सीजन के दौरान इस प्लेटफॉर्म को लॉन्च करते हैं, हमारा लक्ष्य उत्सव की खुशी को बढ़ाना है। एक्सप्रेसवे के साथ, एचडीएफसी बैंक तेज, अधिक सुविधाजनक और आनंददायक बैंकिंग अनुभव का द्वार खोलता है, क्सप्रेसवे एचडीएफसी बैंक नाउ का एक हिस्सा है, जो बैंक के डिजिटल उत्पादों और सेवाओं के लिए एक प्रमुख ब्रांड है।

# शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड ने रचा इतिहास

पीथमपुर, एजेंसी। सोलर पंपिंग समाधानों में अग्रणी शक्ति पम्प्स इंडिया लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से 50,000 ऑफ - ग्रिड सौलर फोटोवोल्टिक वाटर पम्पिंग सिस्टम के लिए लेटर ऑफ इम्पेनलमेन्ट प्राप्त हुआ जो सम्पूर्ण महाराष्ट्र राज्य में पीएम - कुसुम स्कीम फेस - 3 के कम्पोनेन्ट - बी के लिए है। इन 50,000 पम्पस की अनुमानित कीमत 1,603 करोड़ रुपये है। इस योजना के तहत, किसानों को 90त्न की सब्सिडी प्राप्त होने से काफी लाभ होगा। पीएम - कुसुम स्कीम फेस ङ्क 3 का कम्पोनेन्ट बी विशेष रूप से 3, 5 एवं 7.5 एचपी तक की व्यक्तिगत क्षमता वाले सौलर ऊर्जा संचालित कृषि पंपों के इंस्टॉलेशन पर केंद्रित है। शक्ति पम्प्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार ने कहा, - ''हम महाराष्ट्र के एमएसइडीसीएल के मैनेजमेंट की इस पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। इस पहल से डिस्कॉम की अतिरिक्त सब्सिडी लोड में कमी आएगी। इसके अलावा डीजल से सोलर पम्प्स पर स्विच करने से आर्थिक बचत, उर्जा स्वतंत्रता में वृद्धि, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और वायु प्रदूषण को कम करके पर्यावरणीय लाभ होगा। हमें खुशी है कि पिछले तीन वर्षों से, शक्ति पम्प्स लगातार कृषि पंपिंग क्षेत्र में किसानों की पहली पसंद रहा है। श्री पाटीदार ने आगे कहा कि वे किसान जिन्होंने इलेक्ट्रिकल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था और कनेक्शन का इंतजार कर रहे थे, वे सोलर पम्प्स से अपग्रेड हो जाएंगे जिस से डीजल पम्प्स पर उनकी निर्भरता भी खत्म हो जाएगी। इतना ही नहीं अब तक किसान मौसम के भरोसे रहकर केवल एक उपज ले पाते थे, अब वे बिजली की चिंता किए बिना पूरे साल खेती कर सकते है। उल्लेखनीय है कि सोलर पंप्स एक तरफ दैनिक खर्च को कम करते हैं वहीं ऊर्जा के अतिरिक्त उत्पादन से होने वाली आय के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करते हैं। शक्ति पंप्स, सोलर पंपिंग सॉल्यूशन में सस्टेनेबल इनोवेशन और विश्वसनीयता में सबसे आगे है तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार भी है। कंपनी सोलर पंपिंग टेक्नोलॉजी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने में सबसे आगे रही है। शक्ति पंप्स के सभी सबमर्सिबल पंप स्टेनलेस स्टील पर आधारित हैं, जो नई तकनीक और मैन्युफेक्चरिंग में क्वालिटी का प्रमाण है। विशेष रूप से, शक्ति पंप्स को भारत का पहला 5 - स्टार रेटेड पंप मैन्युफेक्चरर होने का गौरव प्राप्त है, जो दुनिया भर के 125 से अधिक देशों में अपने प्रोडक्टस सप्लाय करता है और अपने स्वयं के सौलर पंप, मोटर, स्ट्रक्चर और कन्ट्रोलर, वीएफडी बनाता है।

# एलन मस्क ने एक झटके में गंवा दिए 16.1 अरब डॉलर, अंबानी की नेटवर्थ भी गिरी



नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में 16.1 अरब डॉलर यानी 13,39,17,94,85,000 रुपये की भारी गिरावट आई। यह स्टील किंग के नाम से मशहूर लक्ष्मी मित्तल की कुल नेटवर्थ के लगभग बराबर है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मित्तल की नेटवर्थ 16.9 अरब डॉलर है। इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के नेट प्रॉफिट में चालू फाइनेंशिल ईयर की तीसरी तिमाही में 44 प्रतिशत गिरावट आई है। इससे गुरुवार को कंपनी शेयरों में 9.3 परसेंट की भारी गिरावट आई। इस वजह से मस्क की नेटवर्थ गिरकर 210 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ में 72.6 अरब डॉलर की तेजी आई है। साथ ही टेस्ला भी दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में एक स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। अब उसका मार्केट कैप 698.62 अरब डॉलर रह गया है।

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक गुरुवार को दुनिया के टॉप 10 रईसों में से सात की नेटवर्थ में गिरावट आई। दुनिया के दूसरे नंबर के रईस बर्नार्ड आरनॉल्ट की नेटवर्थ में 99.9 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह 155 अरब डॉलर पहुंच गई। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 152 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर हैं। गुरुवार को उनकी नेटवर्थ में 1.79 करोड़ डॉलर की तेजी देखने को मिली। बिल गेट्स, लैरी पेज, लैरी एलिसन, सर्गेई ब्रिन, वॉरेन बफे और मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में गिरावट देखने को मिली जबकि स्टीव बाल्मर की नेटवर्थ में तेजी आई।

इस बीच भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गुरुवार को गिरावट आई। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ में 64.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह 85.9 अरब डॉलर रह गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन अंबानी दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर खिसक गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 1.17 अरब डॉलर की तेजी आई है। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ गुरुवार को एक करोड़ डॉलर की तेजी के साथ 61.2 अरब डॉलर पहुंच गई।







प्रधानमंत्री ने आज रीजनल रैपिड रेल नमो भारत में यात्रा की। प्रधानमंत्री ने आज इस रीजनल रैपिड रेल का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया - फ़ोटो इंदू सुनील डंग

# गिरते बाजार में 4 प्रतिशत उछल गया शेयर
# इस साल दे चुका है 62 प्रतिशत रिटर्न, विदेशी निवेशकों ने बढ़ाई हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। शुक्रवार की सुबह के शेयर बाजारों में ट्रेड गिरावट के साथ शुरू हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी में क्रमशः 0.33 प्रतिशत और 0.38 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा बाजार में उथलपुथल दिखाने वाले इंडिया वीआईएक्स में 0.64 प्रतिशत की मामूली तेजी देखी गई। बाजार की धारणाओं के विपरीत, एम्बर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने 4.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली। कीमत में तेजी के साथ इस शेयर के वॉल्यूम में भी 1.16 गुना से अधिक तेजी देखी गई। यह निवेशकों के बीच भारी खरीद का संकेत देता है। लंबे समय तक सुस्त रहने के बाद इस स्टॉक ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण चार्ट ब्रेकआउट दिया है। कंपनी का वर्तमान बाजार पूंजीकरण 10,281.98 करोड़ रुपये है।



तकनीकी दृष्टिकोण से देखें तो 20 अक्टूबर, 2023 तक स्टॉक का 200 दिन का मूविंग एवरेज 2454.65 रुपये पर था जबकि 50 दिन का मूविंग एवरेज 2831.81 रुपये पर देखा गया। बीएसई पर अभी इसकी कीमत 3,073 रुपये है। हालिया घटनाक्रम में इसके 50-छ्रूने 200-छ्रूको पार कर लिया है, जो लॉन्ग टर्म में इसके मजबूत होने और निरंतर तेजी का संकेत देता है।

1956 में स्थापित एम्बर एंटरप्राइजेज इंडिया लिमिटेड के पास एयर कंडीशनर बाजार में 23.6 प्रतिशत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और यह भारत में एयर कंडीशनर ओईएम, ओडीएम उद्योग के लिए एक प्रमुख समाधान प्रदाता है। कंपनी के शेयरहोल्डिंग पैटर्न को देखें तो सितंबर 2023 तिमाही में प्रमोटरों ने अपना हिस्सा 40.32 प्रतिशत से थोड़ा घटाकर 40.31 प्रतिशत कर दिया। इसके विपरीत, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी हिस्सेदारी 24.20 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.69 प्रतिशत कर ली। स्वामित्व और बाजार भागीदारी में ये बदलाव वित्तीय परिदृश्य में उभरती गतिशीलता को दर्शाते हैं।

प्रॉडक्ट-वाइज ब्रेकडाउन को देखें तो इसकी वैल्यू में सबसे ज्यादा 48 परसेंट योगदान एयर कंडीशनर का है। इसके बाद कंपोनेंट्स और मोबाइल एप्लिकेशन बिजनस की 31 प्रतिशत हिस्सेदारी है। विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में यह विविधीकरण कंपनी के बिजनस और ऑफरिंग की रेंज को बहुमुखी प्रतिभा और उसके ऑफरिंग की रेंज को दिखाता है। इसी तरह लोकेशन-वाइज डिस्ट्रीब्यूशन दिखाता है कि इसके बिजनस में भारत की हिस्सेदारी 99.64 प्रतिशत है जबकि बाकी दुनिया की 0.36 प्रतिशत की मामूली हिस्सेदारी है। स्टॉक ने महत्वपूर्ण खरीद गतिविधि देखी है और इस साल अब तक 62 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है।

## मार्केट खुलते ही 20 प्रतिशत उछल गया शेयर, 52 हफ्ते के टॉप पर, आपके पास है यह शेयर

बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड वाडिया ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी के रूप में एक प्रमुख स्थान रखती है। शुरुआत में, बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड को एक सार्वजनिक कंपनी के रूप में शुरू किया गया था। इसका फोकस टीक बिजनस पर था जिसका मालिकाना हक पहले विलियम वालेस के पास था। इसका उद्देश्य घरेलू मांग पूरा करना था। साल 1913 में कंपनी ने दक्षिण भारत में स्थित चाय बागानों में निवेश करके अपनी रणनीति में बदलाव किया। आज बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड की बिजनस कई सेक्टर्स में फैला है। इनमें चाय, कॉफी, कई तरह के प्लांटेशन प्रॉडक्ट्स, बिस्कुट, डेयरी उत्पाद, ऑटो इलेक्ट्रिक और व्हाइट गुड्स, वेइंग प्रॉडक्ट्स, हॉर्टीकल्चर और हेल्थकेयर उत्पाद शामिल हैं। साथ ही कंपनी डेंटल, आर्थोपेडिक्स और ऑप्थैलमिक्स में भी स्पेशल ऑफरिंग देती है।

कंपनी के व्यावसायिक परिचालनों को पांच प्रमुख खंडों में वर्गीकृत किया गया है। इनमें टी प्लांटेशन, कॉफी प्लांटेशन, ऑटो इलेक्ट्रिक कंपोनेंट्स, इन्वेस्टमेंट्स और हेल्थकेयर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी बागवानी, खाद्य (बेकरी और डेयरी उत्पाद) और अन्य संबंधित गतिविधियों के बिजनस में भी शामिल है। बॉम्बे बर्मा ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने हाल में अपने पहली तिमाही के परिणामों की घोषणा की। कंपनी की बिक्री 8.24 प्रतिशत बढ़कर 4,087 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,776 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी का परिचालन लाभ 180 प्रतिशत बढ़कर 339 करोड़ रुपये हो गया, जबकि क्यू1एफवाय23 में यह 121 करोड़ रुपये था। इसी तरह, क्यू1एफवाय24 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 68 करोड़ रुपये रहा।

# भारत के इस फैसले से चीन को लगेगा झटका, लैपटॉप, कंप्यूटर इंपोर्ट के नियम में फिर से बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने लैपटॉप और कंप्यूटर के इंपोर्ट पर लाइसेंसिंग मानदंडों में बदलाव किया है। अब इन उत्पादों के आयातकों के लिए एक ऑनलाइन मंजूरी सिस्टम बनाया गया है। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड संतोष कुमार सारंगी ने गुरुवार को बताया कि नई लाइसेंसिंग या मंजूरी व्यवस्था का मकसद मुख्य रूप से इन उत्पादों के आयात की निगरानी करना है। यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विश्वसनीय सोर्स से आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी।



सारंगी ने कहा कि इंपोर्ट पर अंकुश को लेकर इनसे जुड़े लोगों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए नीति में कुछ बदलाव किए गए हैं और आयातकों के लिए एंड-टू-एंड ऑनलाइन सिस्टम शुरू किया गया है। सारंगी ने कहा कि यह सिस्टम आयातकों के लिए बिना कहीं जाए और बिना संपर्क डिटेल भरने की सुविधा प्रदान करेगी। नई लाइसेंस व्यवस्था लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर (टैबलेट कंप्यूटर सहित), माइक्रो कंप्यूटर, बड़े या मेनफ्रेम कंप्यूटर और कुछ डेटा प्रोसेसिंग मशीनों पर लागू है।

यह घोषणा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि सरकार ने चार अगस्त को घोषणा की थी कि घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और चीन जैसे देशों से आयात में कटौती करने के उद्देश्य से आयातकों को एक नवंबर से इन वस्तुओं के आयात के लिए लाइसेंस की जरूरत होगी।

डीजीएफटी ने कहा कि आयातक आयात का लाइसेंस हासिल करने के लिए सिस्टम पर आवेदन कर सकता है। इसमें मात्रा, मूल्य या किसी देश पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। नई प्रणाली की तैयारी में रेवेन्यू डिपार्टमेंट भी शामिल है और पूरी आवेदन प्रक्रिया में लगभग 10 मिनट का समय लगेगा। लाइसेंस ऑटोमैटिक तरीके से जारी किया जाएगा।

सारंगी ने कहा, डिनाइड आइडेंटिटी लिस्ट में शामिल कंपनियों को लाइसेंस नहीं मिलेगा। ऐसी सूची में वे कंपनियां शामिल हैं जिन्होंने एक्सपोर्ट प्रोमोशन कैपिटल गुड्स (ईपीसीजी) जैसी योजनाओं का लाभ उठाकर निर्यात दायित्वों को पूरा नहीं किया है या चूक की है। या जिनके खिलाफ डीआरआई (डायरोक्टेरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस) के मामले चल रहे हैं। पुराना सामान या आयात करने की इच्छुक कंपनियों को भी इस लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं होगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह सब हमें उस तरह का डेटा और जानकारी प्रदान करे जिसकी हमें आवश्यकता है जिससे हमारे पास एक पूरी तरह से विश्वसनीय डिजिटल प्रणाली हो।

# पिता गांव में ठेले पर बेचते थे आम, बेटे ने लगाया दिमाग और बना दी 400 करोड़ की आइसक्रीम कंपनी



नई दिल्ली, एजेंसी। गरीबी में पैदा होना हमारे हाथ में नहीं होता, लेकिन गरीबी में नहीं मरना हमारे हाथ में है। सपने बड़े हों, तो मेहनत और संघर्ष के साथ किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। सफलता की ऐसी ही एक कहानी नेचुरल्स आइसक्रीम कंपनी की है। यह कंपनी कर्नाटक के एक गांव में फल का ठेला लगाने वाले के बेटे ने शुरू की थी। आज यह 400 करोड़ रुपये से अधिक की कंपनी है। यह कहानी रघुनंदन श्रीनिवास कामत की है। कामत के पिता कर्नाटक के मैंगलोर जिले के एक गांव में आम बेचते थे। कामत अपने पिता को सही फल चुनते हुए और उसे लंबे समय तक उसे सुरक्षित रखने का प्रयत्न करते देखते थे। कामत ने अपने पिता के साथ कई साल तक सही फलों को चुनना और उन्हें प्रीजर्व्ड रखना सीखा। लेकिन कामत के सपने बड़े थे। वे कुछ बड़ा करना चाहते थे। बिजनस करने का सोचकर कामत मुंबई आ गए। कामत ने 14 फरवरी 1984 में अपना पहला आइसक्रीम ब्रांड नेचुरल्स शुरू किया। उन्होंने मुंबई के जुहू में पहला स्टोर खोला था। उस समय नेचुरल्स में केवल 4 कर्मचारी थे। उन्होंने आइसक्रीम के 10 फ्लेवर रखे थे। शुरुआत में कामत को यह डर था कि पता नहीं लोगों को आइसक्रीम के ये फ्लेवर पसंद आएंगे या नहीं।

# एलएनसीटी में स्थापित बीएमए स्टूडेंट चैप्टर में साइबर सुरक्षा पर सेमिनार आयोजित





एलएनसीटी भोपाल में भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के स्टूडेंट चैप्टर के अंतर्गत साइबर सुरक्षा पर योगेश पण्डित विशेषज्ञ और डॉ महेश शुक्ला के व्याख्यान हुवे योगेश पण्डित ने विस्तार से एलसीडी प्रस्तुति कर साइबर सुरक्षा से सावधानियां एवम उपाय बताए। डॉ महेश शुक्ला ने अपने टेलीकॉम के अनुभव सांझा किए। डॉ अरविंद सिंह ने बीएमए स्टूडेंट चैप्टर का धन्यवाद किया की बच्चो के लिए विषय विशेषज्ञ आकार वास्तविक अनुभव का लाभ दे रहे हैं जो छात्रों के लिए उपयोगी है। बीएमए के पब्लिक इमेज अध्यक्ष

जी. के. छिब्बर ने भी भोपाल मैनेजमेंट के स्टूडेंट चैप्टर का महत्व छात्रों को बताया। छात्रों को बीएमए स्टूडेंट चैप्टर प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष गुप्ता ने किया बीएमए मैनेजर अमीर खान ने एलएनसीटी मैनेजमेंट का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में 200 से अधिक क्षेत्र उपस्थित थे।

# ऐपल के बाद अब गूगल बनाएगा मेड इन इंडिया फोन, 2024 से हजारों में बिकेंगे लाखों वाले पिक्सल स्मार्टफोन

नई दिल्ली, एजेंसी। गूगल ने कहा है कि वह अपने पिक्सल फोन को भारत में बनाना शुरू करेगी। गुरुवार को अपनी सालाना इवेंट गूगल फॉर इंडिया में उसने ये ऐलान किया। साथ ही गूगल ने कहा कि वह जी-पे के जरिए क्रेडिट लोन की सुविधा शुरू करेगी। इंटरनेट को ज्यादा सेफ बनाने के लिए फाइनैंशल फ्रॉड के खिलाफ डिजी कवच नाम से अभियान चलाएगी। भारत सरकार के साथ मिलकर ढ्ढ के लिए ज्यादा युवाओं को तैयार करेगी। साथ ही गूगल ने एक्सिस माय इंडिया के साथ मिलकर ए नाम का सुपर ऐप भी शुरू करने का ऐलान किया है जो कि लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में मदद करेगा।

गूगल ने कहा कि उसके लेटेस्ट फ्लैगशिप फोन पिक्सल 8 को भारत में बनाया जाएगा। पहला मेड इन इंडिया पिक्सल फोन 2024 में आ जाएगा। इससे पहले कंपनी भारत में अपनी क्रोमबुक बनाने के लिए एचपी के साथ ऐलान कर चुकी है। गूगल के सीनियर वीपी डिवाइस एंड सर्विस रिक ओस्टरलो ने कहा कि पिक्सल के लिए भारत महत्वपूर्ण रहा है। भारत ने जोरदार ढंग से मोबाइल इनोवेशन को अपनाया है, आने वाले दिनों में हम इसके बारे में और जानकारी शेयर करेंगे।

गूगल फॉर इंडिया में ढ्ढ को काफी तवज्जो दी गई और इसे अलग अलग सुविधाओं के साथ जोड़ते हुए बेहतर इस्तेमाल की बात कही गई। गूगल इंडिया के कंट्री मैनेजर संजय गुप्ता ने कहा कि जेनरेटिव एआई के साथ भारत के पास मौका है कि वह अपनी डिजिटल कामयाबी की नई इमारत खड़ी करे। लोगों को ठगी से बचाने के लिए डिजी कवच शुरू किया जा रहा है जो फ्रॉड के पैटर्न को समझकर अलर्ट जारी करेगा। फिनटेक असोसिएशन ऑफ कंस्यूमर इम्पाउअर्मन्ट के साथ मिलकर लोन देने वाले ठग ऐप्स पर लगाम कसी जाएगी जिससे उन्हें प्ले स्टोर पर ही काबू में किया जाए। गूगल-पे से लोगों और छोटे कारोबारियों के लिए क्रेडिट की सुविधा शुरू की जाएगी जिससे लोग भरोसेमंद ढंग से पैसे ले सकें। इसी तरह एक्सिस माय इंडिया का ऐप ए लोगों को जन कल्याण की सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी, उनसे जुड़ने के तरीके, स्वास्थ्य और रोजगार योजनाओं के बारे में बताता है। यह गूगल क्लाउड पर तैयार किया गया है।



यूट्यूब ने इस मौक पर बताया कि इसके क्रिएटिव इको सिस्टम ने भारतीय जीडीपी में 16 हजार करोड़ रुपये का योगदान दिया है और करीब साढ़े सात लोगों को फुल टाइम रोजगार जितना सपोर्ट दिया। टॉप न्यूज शेल्फ नाम का नया फीचर जल्द रोल किया जाएगा जो खास खबरों का पेज होगा। इसे 11 भाषाओं में लाया जाएगा।



छिंदवाड़ा। आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति



छिंदवाड़ा। इतवारी मित्र मंडल



छिंदवाड़ा। सृष्टि माता मंदिर



छिंदवाड़ा। पिपलेश्वर पूर्व मुखी हनुमान मंदिर दुर्गा उत्सव समिति कलेक्ट्रेट के सामने

# आज से भरे जायेंगे नामांकन पत्र

**छिन्दवाड़ा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 21 अक्टूबर से उम्मीदवारों से निर्धारित स्थलों पर नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा जिले के सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति के लिये रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी का नाम और स्थल की जानकारी अधिसूचित की गई है। उम्मीदवार निर्धारित स्थलों पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्प ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 122-जुन्नारदेव के लिये राजस्व अनुविभागीय अधिकारी जुन्नारदेव सुश्री नेहा सोनी को रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार तामिया श्रीमती योगिता वाजपेयी, प्रभारी तहसीलदार जुन्नारदेव श्रीमती प्रीति पटेल व प्रभारी नायब तहसीलदार जुन्नारदेव राजीव नेमा को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय जुन्नारदेव के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 123-अमरवाड़ा के लिये राजस्व अनुविभागीय अधिकारी अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार अमरवाड़ा राजेश मरावी, प्रभारी तहसीलदार हर्रई सुधीर मोहन अग्रवाल व नायब तहसीलदार अमरवाड़ा सुश्री निधि तिवारी को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय अमरवाड़ा के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 124-चौरई के लिये राजस्व अनुविभागीय अधिकारी चौरई प्रभात मिश्रा को रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार चौरई राजेन्द्र सिंह तेकाम, प्रभारी तहसीलदार बिछुआ श्रीमती रूपेश्वरी कुंजाम व प्रभारी तहसीलदार चांद, इंद्रसेन तुमराली को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के अतिरिक्त कलेक्टर के न्यायालय कक्ष क्रमांक-25 में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-सौंसर के लिये राजस्व अनुविभागीय अधिकारी सौंसर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी को रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार सौंसर श्रीमती भावना मलगाम, प्रभारी तहसीलदार मोहखेड़ सुश्री शोभना ठाकुर व नायब तहसीलदार सौंसर अशोक अड़मे को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सौंसर के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे ।

इसी प्रकार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 126-छिंदवाड़ा के लिये अपर कलेक्टर विकास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा श्री पार्थ जैसवाल को रिटर्निंग अधिकारी एवं तहसीलदार शहरी छिंदवाड़ा धर्मेंद्र कुमार चौकसे, प्रभारी तहसीलदार ग्रामीण छिंदवाड़ा सच्चिदानंद त्रिपाठी व नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा श्रीमती दृष्टि चौबे को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 127-परासिया के लिये राजस्व अनुविभागीय अधिकारी परासिया पुष्पेन्द्र निगम को रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार परासिया श्रीमती सविता यादव, प्रभारी तहसीलदार उमरेठ सुश्री शीतल चंद्रवंशी व नायब तहसीलदार परासिया श्रीमती अनुकृति मिश्रा को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परासिया के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 128-पांढुर्णा के लिये राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पांढुर्णा राजीव रंजन पाण्डेय को रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी तहसीलदार पांढुर्णा विनय प्रकाश ठाकुर, नायब तहसीलदार पांढुर्णा राजेश कुमार पटवा व नायब तहसीलदार सांवरी (मोहखेड़) सुश्री रूबी खान को सहायक रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया गया है जो राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पांढुर्णा के न्यायालय कक्ष में उम्मीदवारों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करेंगे ।

## निगरानी टीमों द्वारा 3,95,500 रूपए नगदी जप्त किया



**छिंदवाड़ा।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्वक संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री विनायक शर्मा के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में असामाजिक, संदिग्ध व आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण व निगरानी सुनिश्चित कराये जाने हेतु निरंतर निर्देश दिये जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये जा रहे मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 20.10.2023 को निगरानी टीम द्वारा अनुभाग स्तर पर निम्न कार्यवाही की गई। छिंदवाडा अनुभाग चैकिंग स्थल (निगरानी टीम ) थाना कुंडीपुरा के एसएसटी चैक पोस्ट 7 इसरा उमरिया निगरानी टीम द्वारा जप्ती की कार्यवाही में 3,95,500/- नगदी जप्त किया। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा, प्रभारी कुंडीपुरा महेन्द्र शाक्य व एसएसटी प्रभारी, सरगुन कुमार पटेल, थाना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



छिंदवाड़ा। संतोषी माता मंदिर चार फाटक में सुहागले की पूजा

## अनुपयोगी साबित हो रहा 2.5 करोड़ का निस्तारी स्टाप डेम

### जल संसाधन विभाग एवं इंजीनियर और ठेकेदार की लापरवाही

**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र के तहसील परासिया के अंतर्गत पेच और सुकरी, संगम स्थल मे 2017-18 में निर्मित ढाई करोड़ का निस्तारी स्टाप डेम जल संसाधन विभाग छिंदवाड़ा की लापरवाही के कारण अनुपयोगी साबित हो रहा है?। निर्माण कार्य के समय संबंधित ठेकेदार और इंजीनियरों के द्वारा की गई तकनीकी खामियों का खामियाजा अब ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है, ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द की सरपंच चित्रा डेहरिया जब से निर्वाचित हुई है, वे इस स्टाप को दुरुस्त कर उपयोगी बनाने के लिए लगातार सक्रियता बनाए हुए हैं।



क्यों नहीं रुकता पानी- स्टॉप डैम के गेट में घटिया क्वालिटी की पटिया लगाई जा रही है। जल संसाधन विभाग के संबंधित ठेकेदारों और कर्मचारीयों के द्वारा हर वर्ष डेम के गेट में पटियाा लगाने की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है ,पटिया लगाने के 8 से 10 दिन बाद धीरे-धीरे कर डेम के गेट से पानी का रिसाव होने लगता है और पूरा डेम सूख जाता है, जिससे ग्रामीणों को गर्मियों में भारी जल संकट से जूझना पड़ रहा है किसानों और पालतू जानवरों के लिए उपयोगी-¬- सिरगोरी खुर्द पेच नदी में बना स्टाप डेम उपयोगी बनाया जाता है तो इसमें पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहित होगा, जिससे सिरगोरी खुर्द सहित बरारिया के सैकड़ो किसानों सहित हजारों ग्रामीण और पालतू जानवरों के लिए वर्ष भर जल उपलब्ध हो सकेगा। सरपंच चित्रा डेहरिया कितनी सक्रिय- ग्राम पंचायत सिरगोरी खुर्द सरपंच चित्रा डेहरिया ग्राम विकास के लिए संघर्षशील जनप्रतिनिधि है,उन्होंने इस स्टॉप डैम में पर्याप्त जल संग्रहित हो इसके लिए उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला स्तर के जनप्रतिनिधियों, जिला कलेक्टर और जल संसाधन विभाग की कार्यपालन अभियंता कुमकुम पटेल से संपर्क और ज्ञापन के माध्यम से अवगत करा दिया है। गत दिवस सरपंच ने जल संसाधन विभाग कार्यालय छिंदवाड़ा में संपर्क किया था जिसमें अधिकारियों ने बताया कि डेम के गेट के लिए 140 पटिया का ऑर्डर भोपाल में दिया गया है । उक्त पटिया अभी तक नहीं पहुंची है।

## कुरई और खमरा के नाले पर था तस्करों का कब्ज़ा

### आबकारी अमले ने की छापामार कार्यवाही



**छिन्दवाड़ा।** संवेदनशील गाँव खमरा पर आज आबकारी के संयुक्त अमले ने पुलिस के सहयोग से छापा मार शराब के अड्डों को ध्वस्त कर दिया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प के निर्देश और ज़िला आबकारी अधिकारी अजीत एक्का के मार्गदर्शन में हुई इस कार्यवाही में 4 हजार किलो महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। जबकि लगभग 2 सौ लीटर हाथ भट्टी शराब को जप्त कर तीन प्रकरण दर्ज किए गए। वृत्त चौरई के आबकारी अमले को सहयोग करने जामई, दमुआ, अमरवाडा और वृत्त क्रमांक-1 और 2 का आबकारी अमला पहुँचा। बिछुआ थाना क्षेत्र के ग्राम खमरा,दातला और कुरई में दबिश देने के दौरान बिछुआ पुलिस का बल भी उपस्थित था। इस दौरान खमरा और कुरई के नाले के किनारों पर शराब तस्करों का क़ब्ज़ा मिला। उन्होंने यहाँ जगह-जगह भट्टियाँ बना रखी थीं और लाहन से भरे ड्रम गड़ा रखे थे। जिन्हें नष्टकर नालों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। इसी तरह दातला के शराब अड्डों को भी नष्ट किया गया।

### चैम्बर में रखी थी भिंगरी

इस संयुक्त अमले ने संदेह के आधार पर कुछ घरों की भी तलाशी ली। जिसके चलते खमरिया निवासी संध्या के घर की भी तलाशी ली गई। संध्या के घर में बने चैम्बर से शराब बरामद हुई। यह शराब महाराष्ट्र की भिंगरी थी। संध्या के कब्जे से कुल 12 पाव जप्त कर आबकारी एक्ट का मामला दर्ज किया गया।

## रवि की फसल में 88856 हेक्टेयर में सिंचाई का लक्ष्य

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष मनोज पुष्प की अध्यक्षता में गत दिनों कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई । बैठक में जिले की एक वृहद व एक मध्यम सिंचाई परियोजना, 144 लघु जलाशय और 31 स्टापडेम में उपलब्ध जल भराव के अनुसार वर्ष 2023-24 में रबी सिंचाई का लक्ष्य 88856 हेक्टेयर निर्धारित किया गया । बैठक में कार्यपालन यंत्री/ सचिव जिला जल उपयोगिता समिति कुमकुम कौरव पटेल, कार्यपालन यंत्री पेंच व्यपर्वतन परियोजना बांध/नहर संभाग, आयुक्त नगरपालिक निगम, अधीक्षण यंत्री मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति के अध्यक्ष श्री पुष्प ने निर्देश दिये कि नहरों के संचालन के पूर्व मरम्मत/साफ-सफाई का कार्य और स्टापडेम/बैराज के गेट समयावधि में लगायें। उन्होंने मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिये कि जल की उपलब्धता को देखते हुए जल संसाधन विभाग के सामंजस्य से ही कमाण्ड क्षेत्र के बाहर के कृषकों को बांध व नहर से सिंचाई के लिये मोटर पंप लगाने की अनुमति दें।

## लॉ- कमीशन की रिपोर्ट अमल में लाए जाने की मांग



**छिंदवाड़ा।** सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू के नेतृत्व में कई धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर लॉ कमिशन की रिपोर्ट पर अमल करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि सन 2012 में 14 नवम्बर को पॉक्सो कानून बनाया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 में बाल यौन उत्पीड़न के 8541 प्रकरण दर्ज थे। सन 2021 तक इनमें भारी वृद्धि हुई और ये 83348 हो गए। सभी प्रकरण पॉक्सो एक्ट में दर्ज हुए हैं। इन प्रकरणों में बेतहाशा वृद्धि से चिंतित सरकार ने देश के करोड़ों करोड़ों बुद्धजीवी और आम लोगों के हक की आवाज को ध्यान में रखते हुए लॉ - कमीशन को रिपोर्ट देने के लिए आदेशित किया। लॉ-कमीशन ने रिपोर्ट में माना कि पॉक्सो एक्ट का दुरुपयोग हो रहा है। सबसे प्राचीनतम उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने भी टिप्पणी की है कि कुछ महिलाएं धन ऐंठने के लिए बलात्कार का झूठा केस दर्ज करवा रही हैं। इतना ही नही देश की सर्वोच्च न्यायपालिका के मुख्य न्यायधीश ने संसद में इस कानून की समीक्षा करने की वकालत की है। विश्व के लगभग 8 अरब लोगों ने यह महसूस किया है कि भारत का प्रशासन और न्याय व्यवस्था पॉक्सो एक्ट पर भेदभाव वाला रवैया इस्तेमाल कर रहा है। जिसमें पहलवान ब्रजभूषण सिंह, तरुण तेजपाल, मंत्री तुलसी प्रजापति आदि ऐसे कई बड़े नाम है जिन पर सिर्फ पॉक्सो एक्ट में प्रकरण भर दर्ज हुआ। वहीं निर्दोष सन्त आशाराम बापू पर तो अत्याचार की हद हो गई। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से माँग है कि लॉ- कमीशन की रिपोर्ट पर अमल कर देश के 70 करोड़ों पुरुषों के साथ न्याय करें। ज्ञापन देते समय साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, आधुनिक चिंतक हरशूल रघुवंशी, शिक्षाविद विशाल चवुत्रे, राष्ट्रीय बजरंग दल के नितेश साहू, कुनबी समाज के युवा नेता अंकित ठाकरे, कलार समाज के सुजीत सूर्यवंशी, पवार समाज के प्रमुख हेमराज पटले, सुभाष इंगले, अशोक कराडे, टेलिकॉम सेक्टर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नितिन डोईफोड़े, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## सी आई एस एफ के जवानों ने किया फ्लेग मार्च

**अमरवाड़ा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर



प्रशासन पूरी तरीके से मुस्तैद है भय पूर्ण मतदान हो लोगों में मतदान को लेकर जागरूकता हो साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अमरवाड़ा पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरवाड़ा एसडीएम और रिटर्निंग ऑफिसर हेमकरण धुर्वे तहसीलदार राजेश मरावी एसडीओपी रविंद्र मिश्रा नगर निरीक्षक राजेंद्र धुर्वे सहित सीआईएसएफ के जवानों के द्वारा अमरवाड़ा नगर सहित संवेदनशील क्षेत्र पिपरिया राजगुरु सोनपुर सिंगोडी पौनार छुई मैं फ्लैग मार्च निकाला गया साथ ही लोगों से अपील की गई कि आप बिना किसी के दबाव में आकर भय मुक्त होकर मतदान करें इस मौके पर अमरवाड़ा पुलिस जवान भी मौजूद रहे।

## पवनपुत्र ने लंका दहन करके तोड़ दिया रावण का घमंड

**छिंदवाड़ा।** दिन प्रतिदिन नवाचारों के साथ श्रीरामलीला का मंचन छोटी बाजार में हो रहा है। मंडल के उपाध्यक्ष मनोज चौरसिया ने बताया कि श्रीराम से मित्रता के उपरांत सुग्रीव ने अपनी सम्पूर्ण सेना माता जानकी की खोज में भेज देते है परन्तु दक्षिण के समुद्र को लांग पाना किसी के लिए सम्भव नही हो पाता तब जामवंत जी हनुमानजी को उनकी शक्ति का बोध कराते है। हनुमानजी वायु मार्ग से लंका के द्वार पर पहुँचते है जहाँ लंकनी का उद्धार करते है। विभीषण जी हनुमान जी को



माता जानकी का पता बताते है तब हनुमानजी अशोक वाटिका में छिपकर रावण एवं जानकी के वार्तालाप को सुनते है एवं रावण के जाने के बाद जानकी जी एवं हनुमानजी की वार्तालाप होती है जिसमे हनुमानजी श्रीराम का संदेश बताते है कि श्रीराम शीघ्र ही उन्हें उस बंधन से मुक्त करवाएंगे। जानकी जी की आज्ञा से हनुमानजी वाटिका के फल खाने लगते है वहाँ उपस्थित जम्बू माली से युद्ध होता है, हनुमानजी जम्बू माली का वध करते है। रावण को इस घटना की सूचना मिलती है तब वह अपने पुत्र अक्षय कुमार को पहुँचाता है। अक्षय कुमार से युद्ध कर हनुमानजी उसका भी वध करते है। अंत मे रावण का पुत्र मेघनाथ युद्ध के लिए आता है और हनुमानजी को ब्रम्ह अस्त्र का प्रयोग कर बंधी बना कर रावण के समक्ष प्रस्तुत करता है। रावण सभा में हनुमानजी के वध करने का आदेश देता है जिस पर विभीषण रोक कर कहते है कि दूत का वध करना नीति विरुद्ध है अतएव फिर रावण हनुमानजी की पूछ में आग लगाने आदेश देता है परन्तु हनुमानजी विभीषण के महल को छोड़कर सम्पूर्ण लंका में आग लगा देते है।

### बन रहा आकर्षण का केंद्र

मडंल के सचिव राजेंद्र आचार्य ने बताया कि इस वर्ष आकर्षक प्रकाश व्यवस्था समिति द्वारा महानगरों की तर्ज पर की गई है। जिसकी जिम्मेदारी राजकुमार चौरसिया सम्भाले हुए है। संरक्षक विनोद विश्वकर्मा ने बताया कि रामभोग के सहयोग के लिए प्रतिदिन सहयोगी आगे आ रहे है दसवें दिवस राम भोग में सचिन वर्मा एवं अशोक सतिजा रहे जबकि भाग्यशाली दर्शक पुरुस्कार पवन सोनी, आशीष सोनी एक ध्रुव सोनी की ओर से दिए गए। मंडल के द्वारा प्रतिदिन अपील की जा रही है कि त्यौहार की सामग्री का क्रय स्थानीय व्यवसायी से ही करे।

### ये रहे दसवें दिन के मुख्य कलाकार

सहनिर्देशक श्रांत चंदेल ने जानकारी दी कि दसवें दिवस श्रीराम-रजत पाण्डेय, लक्ष्मण- आयुष शुक्ला, सीता-सार्थक राजपूत हनुमान- संतोष कुशवाह, जामवंत-सतीश विश्वकर्मा, रावण-जितेंद्र सोनी, मेघनाथ-मयंक चौरसिया विभीषण-नीरज चौरसिया, अक्षय कुमार-आशीष सोनी जम्बू माली-आकाश सोलंकी ने भूमिकाएं निभाई।

## संतरा मंडी का हुआ शुभारंभ



**सौसर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मंजुला भवन में सतीश बोडखे की संतरामंडी का शुभारंभ हुआ पूजा अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया गया शुभारंभ अवसर पर सतीश बोडखे ने बताया कि यंहा से बीते सालों बांग्लादेश में संतरा भेजा जाता था जिसकी एक्साइज ड्यूटी 87 प्रति किलो तो 22 सौ रुपए प्रति कैरेट लिया जाता है जो बहुत अधिक है पूर्व में 50 से 60 रुपए प्रति केजी थी ऐसे में जो संतरा हम किसानों से 30 प्रति किलो के दर से खरीदते थे जो आज 10 से 15 रुपए किलो मिल रहा है अंतरराष्ट्रीय परिवहन होने के कारण भारत सरकार किसानों के हित मे ध्यान नहीं देने से संतरा का उचित भाव किसानो को नही मिल पा रहा है इस बात को लेकर बीते दिनों संतरा व्यापारी का एक प्रतिनिधिमंडल इंडो बांग्ला ग्रुप ने इस समस्या को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी बात कर बांग्लादेश की संतरा पर एक्साइज ड्यूटी कम करने को लेकर निवेदन किया है अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांग्लादेश द्वारा संत्रे पर एक्साइज ड्यूटी यदि कम होती है तो किसानों को संतरा की फसल का ऊंचा दाम मिल सकता है किसानों को हो रहे नुकसान को देखते हुए हमारे द्वारा देश मे ही बेंगलुरु के विप्रो कंपनी में संतरा भेजा जा रहा है जहां से उचित भाव मिलेगा किसानों के संतरे को भी उचित भाव मिलने की संभावना होगी मंडी मुहूर्त के समय संतरा व्यवसाई जाफरभाई, होमेश्वर मोहोड, संदीप भकने, जूनघरे गुरुजी आदि उपस्थित थे

# युवा व आने वाली पीढ़ी के भविष्य की जिम्मेदारी आपके कांधों पर : कमलनाथ

### कोचिंग संचालक व औषधि विक्रेता संघ के मिलन समारोह में पहुंचे



छिन्दवाड़ा। शिक्षक वर्तमान और भविष्य का निर्धारण करते हैं। शैक्षणिक संस्थाओं में देश, प्रदेश और जिले का भविष्य संवरता है और वह आगे चलकर समाज को दिशा देता है, किन्तु प्रदेश में शैक्षणिक संस्थाओं, शिक्षकों और शिक्षित युवाओं को भाजपा सरकार ने दिशाहीन कर दिया है। शैक्षणिक भवन जर्जर है, तो कहीं शिक्षक नहीं है और योग्य शिक्षा प्राप्त युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं है। युवा व आने वाली पीढ़ी के भविष्य की जिम्मेदारी अब आपके कांधों पर है। उक्त उदगार आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रानी की कोठी में आयोजित कोचिंग संचालकों व निजी शैक्षणिक संस्थाओं के संचालकों के मिलन समारोह में व्यक्त किये। कमलनाथ ने आगे कहा कि म.प्र. के शासकीय विभागों में वर्षों से खाली पड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के पदों की पूर्ति हेतु भर्तियां निकालना, फार्म भरने की महंगी फीस वसूलना और फिर शासकीय भर्तियों में घोटाला करना प्रदेश में आम बात हो चुकी है। बीते 18 वर्षों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार यही करती आ रही है। शासकीय भर्तियों में जारी घोटाले और घपलों की वजह से प्रदेश के लाखों युवा शासकीय नौकरी के लिहाज से उम्रदराज हो चुके हैं। पटवारी भर्ती घोटाला एक ताजा उदाहरण आप सभी के सामने हैं इसके पूर्व की सूची बड़ी लम्बी है जिसमें व्यापमं घोटाला, कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती घोटाला सहित अन्य शामिल है। अब आप लोगों को यह तय करना है कि क्या घोटालेबाज सरकार प्रदेश के युवाओं का भविष्य तय करेगी। उन्होंने उपस्थित शैक्षणिक संस्थाओं के संचालकों से कहा कि यह चुनाव युवा पीढ़ी का भविष्य तय करेगा। इसीलिये आप सभी को 17 नवम्बर तक छिन्दवाड़ा की जिम्मेदारी सौंप रहा हूं, क्योंकि मुझ पर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी है। मुझे आप सभी पर पूरा भरोसा और विश्वास है कि आप सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभायेंगे।नाथ ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि मैंने नारे नहीं स्किल सेन्टर दिये हैं। औषधि विक्रेता संघ द्वारा करण होटल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि एक दौर वो भी था जब, भोपाल और दिल्ली के लोग छिन्दवाड़ा को नहीं जानते थे, भारत के नक्शे में छिन्दवाड़ा के नाम का एक डॉट था, किन्तु आज हमारा छिन्दवाड़ा किसी पहचान का मोहताज नहीं है। हम सभी ने मिलकर यहां तक का सफर तय किया



है, किन्तु अभी बहुत कुछ करना शेष है और जो शेष है उसे सर्वश्रेष्ठ बनाने हेतु आप सभी को थोड़ी-थोड़ी जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी।

### जामई विधानसभा क्षेत्र में गूंजे कमलनाथ के वचन

जिले के सांसद नकुलनाथ ने आज विधानसभा क्षेत्र जामई के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर प्रत्येक जनसभा में हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणजन को कांग्रेस की रीति-नीति और वर्तमान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने पर दिये गये वचनों को सरकार बनते ही पूरा किये जाने की बात कही। सांसद ने अपने उदबोधन में यह स्पष्ट किया कि आपका प्रत्यक्ष वोट तो प्रत्याशी सुनील उइके को विधायक बनायेगा ही, लेकिन यही एक वोट कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री भी बनायेगा। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश भाजपा के 18 वर्षों के शासन से त्रस्त है हमें मिलकर एक बार फिर कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाना है ताकि हर वर्ग के सपने साकार हो सके।

## भाजपा प्रत्याशी का नगर के वार्डों में जनसंपर्क



**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी की छिंदवाड़ा विधानसभा के प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल फूल पर वोट डालने की अपील करते हुए वार्डो में जन सम्पर्क किया।उन्हें जिसमें वार्ड क्रमांक 42,43,44 और 46 में अच्छा प्रतिसाद मिला।

भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाएं अनवरत रूप से चलती रहे, लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान की मूलभूत सुविधाएं मिलती रहे। बहने लाडली लक्ष्मी बनती रहे, लाडली बहन के माध्यम से बहने सशक्त होती रहे, इसलिए आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के निशान वाली बटन को दबाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज और प्रधानमंत्री आवास के माध्यम से पक्के मकान लोगों को दिए हैं। बहनों को सशक्त और समृद्ध शाली बनाने के लिए 33 प्रतिशत का महिला आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में पारित किया है। जिसके कारण देश के समग्र विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।पहले हमारी गरीब बहने सौ दो सौ रुपए के लिए दूसरे का मुंह ताकती थी, किंतु आज भाजपा की शिवराज सरकार के कार्यकाल में आत्मनिर्भर हुई है। आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्धशाली हुई है। यह विकास की गति निरंतर चलती रहे, इसलिए मेरी आप सभी से अपील है कि भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद प्रदान करें। वहीं जन समर्थन में महिलाओं का सैलाब उमड रहा है। भारी संख्या में महिलाएं घरों से बाहर निकल कर भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को अपना स्नेह, दुलार और आशीर्वाद प्रदान कर रही हैं। कई महिलाओं ने संवेदनात्मक रूप से भाव विहवल होकर विजय श्री का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता व कार्यकर्ता और सैकड़ो वार्डवासी उपस्थित रहे।

### आज केन्द्रीय राज्यमंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा

कार्यकारी जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रियवर सिंह ने बताया कि केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय राज्यमंत्री श्री भानू प्रताप सिंह वर्मा जी आज दिनांक 21 अक्टूबर को छिंदवाड़ा विधानसभा के छिंदवाड़ा ग्रामीण मंडल के ग्राम कोटलबर्री में सुबह 10 बजे, कुहिया में दोपहर 12 बजे, थांवरी में दोपहर 3 बजे एवं ग्राम सलैया में सायं 430 बजे छिंदवाड़ा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में जनसंपर्क करेंगे ।









पुलिस स्मृति दिवस पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, एसीएस गृह राजेश राजौरा, डीजीपी सुधीर सक्सेना सहित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के परिजनों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




नवरात्र में जहां देवी की झांकियां लोगों का मन मोह रही हैं, वहीं मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।




शुजालपुर विधानसभा से योगेंद्र सिंह उर्फ बंटी बना कों टिकिट दिलाने के समर्थन में सैकड़ों लोग कमल नाथ के बंगले पर पहुंचे ।

# आधा सत्र बीता, सरकारी स्कूलों के 40 प्रतिशत विद्यार्थियों को नहीं मिली पाठ्य सामग्री, पढ़ाई हो रही प्रभावित

**भोपाल।** सत्र 2023-24 को शुरू हुए छह माह से अधिक समय हो गया, लेकिन अब तक सरकारी स्कूलों के 40 प्रतिशत विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें सहित अन्य पाठ्य सामग्री नहीं मिल पाई हैं। इससे विद्यार्थी पुरानी किताबों से पढ़ाई करने के लिए मजबूर हैं। प्रदेश के 60 प्रतिशत विद्यार्थियों तक ही पाठ्य सामग्रियां पहुंच पाई हैं। यह खुलासा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा ट्रेकिंग एप के माध्यम से जारी किए गए एक आदेश में हुआ है। इसमें यह बात भी सामने आई है कि मप्र पाठ्यपुस्तक निगम ने विकासखंड स्तर पर डीपो में 99 प्रतिशत पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी है। 82 प्रतिशत स्कूलों तक पाठ्यसामग्री पहुंच गई हैं, लेकिन 60 प्रतिशत विद्यार्थियों को ही वितरित की गई है।



राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिले के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ट्रेकिंग एप के माध्यम से पाठ्यपुस्तकों का 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। निर्देशित किया गया है कि 31 अक्टूबर के बाद शेष पाठ्यपुस्तकों को सत्र 2024-25 के लिए उपलब्ध कराया जाएगा । यदि जिलों में पाठ्यसामग्रियों की संख्या सत्र 2024-25 में कम होती है तो यह जिले की जवाबदेही होगी।

बता दें, कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के अलावा दक्षता उन्नयन, एफएलएन (मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान), प्रयास एवं एटग्रेड की साढ़े आठ करोड़ पाठ्य सामग्री मप्र पाठ्यपुस्तक निगम की ओर से तैयार कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाती है।

### पाठ्यसामग्री वितरण में बड़े शहर भी पीछे

भोपाल जिले में 52 प्रतिशत विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई है। वहीं ग्वालियर में 60 प्रतिशत, जबलपुर में 59 प्रतिशत, इंदौर में 57 प्रतिशत को ही पाठ्यपुस्तकें मिली हैं। कुछ और जिले भी 55 प्रतिशत से नीचे हैं। इसमें गुना में 46 प्रतिशत, धार व कटनी 50 प्रतिशत, सिंगरौली 51 प्रतिशत,श्योपुर 52 प्रतिशत, सीधी 53 प्रतिशत विद्यार्थियों को पाठ्यसामग्री वितरित की गई हैं।

### विद्यार्थियों को मिलने वाली पाठ्यसामग्री

प्रदेश के 77 प्रतिशत विद्यार्थियों को निश्शुल्क पाठ्यपुस्तकें दी गई हैं। वहीं 82 प्रतिशत को प्रयास पुस्तिका, 64 प्रतिशत को दक्षता उन्नयन की किताब,16 प्रतिशत को एटग्रेड की अभ्यास पुस्तिका दी गई है। इसके अलावा 70 प्रतिशत को एफएलएन वितरित किया गया है। इस बार ट्रेकिंग एप के माध्यम से विद्यार्थियों को निशुल्क वितरित की जा रही पाठ्यपुस्तकों की ट्रेकिंग की गई है।यह नहीं कहा जा सकता है कि इसमें 60 प्रतिशत विद्यार्थियों को ही अब तक पाठ्यसामग्री नहीं मिली है, बल्कि कुछ जिलों ने एप पर अपडेट नहीं किए हैं।इस कारण संख्या कम प्रदर्शित हो रही है।31 अक्टूबर तक अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सारंग और शुक्ला सहित 11 ने नामांकन फार्म लिए

## भोपाल में सात विस सीटों के लिए आज से नामांकन





भोपाल। प्रदेश में विधान सभा चुनाव में प्रतिनिधियों के लिए आज से नामांकन शुरू हो गए है। इसी क्रम में आज राजधानी भोपाल में 11 नामांकन लिए गए और उनमें से एक जमा किया गया। इन 11 में से 3 नरेला विध्न सभा से बीजेपी के विश्वास सारंग, कांग्रेस के मनोज शुक्ला , एक सीपीआईएम के द्वारा लिया गया है, गोविंग पूरा विधानसभा के लिए 6 नामांकन लिए गए जिसमें से 1 आम आदमी पार्टी के द्वारा है। वहीं 2 नामांकन शहर विधानसभा के लिए गए जिनमें से एक नामांकन जमा किया गया।

इससे पहले शुक्रवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने नामांकन केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, नामांकन भरने आने वालों के लिए निर्धारित मार्ग सहित पूरी कार्रवाई का वीडियोग्राफी सहित अन्य निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी, एडीएम प्रकाश सिंह चौहान, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय सहित संबंधित आरओ उपस्थित थे।

सातों विधानसभा क्षेत्र गोविंदपुरा, हुजूर, बैरसिया, नरेला, गोविंदपुरा, उत्तर और मध्य के लिए नामांकन प्रक्रिया 21 से 30 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इसके बाद 31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संविक्षा की जाएगी। प्रत्याशी दो नवंबर तक नाम वापस ले सकेंगे। नामांकन पत्र सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। वहीं 22, 24, 28 और 29 अक्टूबर को शासकीय अवकाश होने की वजह से नामांकन पत्र नहीं लिए जाएंगे।

**पांच लोग और तीन वाहन की अनुमति–** नामांकन भरने के लिए जाने वाले प्रत्याशी अपने साथ कलेक्ट्रेट एवं अन्य एसडीएम कार्यालयों में सिर्फ पांच लोग और तीन वाहन ही ले जा सकेंगे। वहीं वाहनों को नामांकन कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर खड़ा करना होगा। नामांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जाएगी। यहां सुरक्षा व्यवस्था में सीएसपी सहित पुलिस बल तैनात रहेगा।

**निर्दलीय प्रत्याशी को बताने होंगे 10 प्रस्तावक–** विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय राजनीतिक दल के प्रत्याशी को सिर्फ एक ही प्रस्तावक बताना होगा, जबकि निर्दलीय प्रत्याशियों को 10-10 प्रस्तावक बताने होंगे। इसके बाद ही उनका नामांकन स्वीकार किया जाएगा।

# मध्य प्रदेश में सरकारी स्कूलों में दशहरे की तीन और केंद्रीय विद्यालय में 10 दिन की छुट्टी

**भोपाल।** स्कूलों में दशहरा को लेकर छुट्टियां शुरू हो गई हैं। जहां सरकारी स्कूलों में तीन दिन की छुट्टी लगेगी, जो 23 अक्टूबर से शुरू होगी। वहीं केंद्रीय विद्यालयों ( केवी ) में 10 दिन की दशहरे की छुट्टी शुक्रवार से शुरू हो गई है, जो 29 अक्टूबर तक रहेगी। इसके बाद 30 अक्टूबर को केवी के स्कूलों का संचालन शुरू होगा। वहीं केवी में विद्यार्थियों को दस दिन के छुट्टियों के हिसाब से गृहकार्य दिया गया है। इसमें सिलेबस के अलावा प्रोजेक्ट वर्क भी दिए गए हैं। वहीं निजी सीबीएसई स्कूलों में दशहरे की छुट्टी 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रहेगी। शुक्रवार को विद्यार्थियों को गृहकार्य दिए गए। छुट्टियों को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है। बता दें, कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र के शुरू में यानी 12 अप्रैल को ही साल भर स्कूलों में लगने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी किया था।

### दीपावली की छह दिन की छुट्टी रहेगी

वहीं विभाग ने सरकारी स्कूलों में दीपावली की छह दिन की छुट्टी घोषित की है। यानी की 10 नवंबर से 15 नवंबर तक दीपावली की छुट्टी रहेगी। वहीं केंद्रीय विद्यालयों में तीन दिन की छुट्टी रहेगी। सीबीएसई निजी स्कूलों में भी दीपावली की पांच दिन की छुट्टी रहेगी।